टी बोर्ड भारत

TEA BOARD INDIA

66वीं वार्षिक रिपोर्ट

66th Annual Report

2019-20

INDIA TEA

World's Gold Standard

विषय-सूची

66वीं वार्षिक रिपोर्ट, टी बोर्ड: 2019-20

अध्याय सं.	विषय	पृष्ठ सं.
अध्याय-1	संगठनात्मक ढांचा एवं कार्य	1-16
अध्याय -2	वैश्विक परिदृश्य में भारतीय चाय	17-20
अध्याय -3	वित्त	21-24
अध्याय -4	चाय विकास	25-66
अध्याय -5	चाय अनुसंधान	67-84
अध्याय -6	चाय संवर्धन	85-108
अध्याय -7	अनुज्ञापन	109-114
अध्याय -8	सांख्यिकी	115-117
अध्याय -9	मानव संसाधन विकास	118-129
अध्याय -10	हिन्दी कक्ष	130-132
अध्याय -11	सतर्कता प्रकोष्ठ	133
अध्याय -12	विधि प्रकोष्ठ व सूचना का अधिकार	134-136

अध्याय -1

स्थापना

संगठनात्मक ढांचा एवं कार्य

बोर्ड का गठन

चाय अधिनियम 1953 के अनुच्छेद 4 के प्रावधानों के अनुरुप टी बोर्ड की स्थापना 1 अप्रैल 1954 में की गई थी । टी बोर्ड को भारत में चाय उद्योग के समग्र विकास का कार्य प्रभारित किया गया है और यह केन्द्र सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहा है ।

बोर्ड का संगठन

बोर्ड का गठन अध्यक्ष एवं भारत सरकार द्वारा नियुक्त चाय उद्योग के विभिन्न विभागों से संबन्धित 31 सदस्यों से हुआ है। प्रत्येक तीन वर्ष में बोर्ड का पुर्नगठन होता है। दिनांक 11 फरवरी, 2019 एवं 9 मार्च 2019 को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, वर्तमान बोर्ड का पुर्नगठन तीन वर्ष की अवधि हेतु किया गया है ।

टी बोर्ड का कार्य

चाय अधिनियम की धारा 10 के तहत वर्णित टी बोर्ड के कार्य व्यापक है एवं संक्षिप्त रुप से इस प्रकार प्रस्तुत है :

1. चाय बागानों के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाना ।
2. चाय की गुणवत्ता में सुधार ।
3. लघु चाय कृषकों में सहकारिता प्रयासों का संवर्धन ।
4. चाय अनुसंधान एवं विकास को समर्थन ।
5. निर्यात एवं घरेलू खपत में वृद्धि हेतु संवर्धन अभियान का निष्पादन ।
6. विनियामक कार्य-चाय बागानों, फैक्ट्रियों, प्राथमिक क्रेताओं का पंजीकरण एवं चाय ब्रोकरों, नीलामी संगठनों, निर्यातकों तथा चाय अपशिष्ट डीलरों हेतु अनुज्ञापन जारी करना ।
7. स्वास्थ्य, आरोग्य शास्त्र, प्रशिक्षण एवं शिक्षा के क्षेत्र में रोपण कर्मियों एवं उनकी संतानों हेतु कल्याणकारी उपाय ।
8. चाय आंकड़ों का संग्रहण एवं वितरण; तथा
9. केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी ऐसी अन्य गतिविधियाँ ।

निधि का स्रोत :

उपर्युक्त कार्य हेतु निधि केन्द्र सरकार द्वारा पूंजी तथा राजस्व शीर्ष के अंतर्गत बोर्ड को प्रदान की जाती है ।
राजस्व निधि का प्रयोग विशेषरुप से प्रशासन व स्थापना प्रभार के लिए किया जाता है जिसमें चाय पर उपकर मुख्य स्रोत है । पूंजीगत निधियों का प्रयोग बोर्ड के विविध विकासात्मक, संवर्धनात्मक एवं कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु पूंजी निधियों का प्रयोग किया जाता है । चाय अधिनियम, 1953 की धारा 25(1) के तहत भारत में उत्पादित सभी चायों पर 50 पैसे प्रति किलोग्राम की दर से उपकर लगाया जाता है, केवल दार्जिलिंग चाय पर उपकर 20 पैसे प्रति किलोग्राम है । यद्दपि जीएसटी कार्यान्वयन के बाद, तैयार चाय के उत्पादन पर लागू उपकर को जीएसटी में समाविष्ट किया गया है एवं धारा 3 के खंड (सी), धारा 25 एवं 26 तथा धारा 27 की उपधारा (1) के खंड (ए) भारत के राजपत्र की धारा 1 भाग II में प्रकाशित कर नियम (संशोधन) अधिनियम, 2017 (2017 के सं. 18) के तहत निरस्त किया गया है ।

प्रशासनिक ढांचाः

चाय नियम, 1954 के नियम 3 के अनुसार बोर्ड का मुख्यालय कोलकाता, पश्चिम बंगाल में स्थित है । अध्यक्ष गैर-कार्यपालक प्रधान है एवं उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारी है । गुवाहाटी (असम) तथा कुनूर (तमिलनाडु) में स्थित बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में दो कार्यपालक निदेशक तैनात हैं । भारत में बोर्ड के अड़तीस (38) कार्यालय हैं जिसमें क्षेत्रीय/आंचालिक/उप-क्षेत्रीय कार्यालय शामिल है तथा विदेश में अर्थात् मॉस्को में एक (01) कार्यालय है ।



टी बोर्ड का प्रशासनिक ढ़ांचा

स्थापना विभाग की भूमिका नीति बनाना तथा चाय नियमों के प्रावधानों तथा भारत सरकार के वाणिज्य विभाग व कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी उप-नियमों, नियमों, आदेशों तथा परिपत्रों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। सचिव इस विभाग के प्रधान हैं जिसे सहायक सचिव द्वारा सहायता दी जाती है । यह बोर्ड के कर्मचारियों व अधिकारियों से संबंधित मामलों, सेवा सम्बंधी मामलों, कार्यालयों की स्थापना, जनशक्ति पदों आदि से संबंधित सभी मामलों पर कार्य करता है । सचिवालय अनुभाग सचिवालय से संबंधित सभी मामलों पर कार्य करता है जैसे वीआईपी संदर्भ से संबंधित मामलें, बोर्ड मीटिंग का आयोजन आदि जबकि भंडार शाखा बोर्ड के सभी रिकॉर्ड व सूची रखता है ।

न किया गया जिसका

019
019

नल है) । भारत में बोर्ड
का विवरण तालिका-1

कुल
109
312
4
425

ले वर्ग	कुल
	29
	56
	76
	161

03.2020)

कुल
16
132
104
169
421

कुल
21
13
20
19
31
104

बोर्ड की बैठक

रिपोर्टाधीन अवधि (अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक) के दौरान चार (04) बैठकों का आयोज
विवरण निम्नवत है :

बोर्ड के बैठक की संख्या	स्थान	दिनांक
238वीं बौर्ड की बैठक	कोलकाता	3 अप्रैल, 2019
239वीं बौर्ड की बैठक	कोलकाता	27 जून, 2019
240वीं बौर्ड की बैठक	कोलकाता	24 सितंबर, 20
241वीं बौर्ड की बैठक	कोलकाता	30 नवम्बर, 20

टी बोर्ड की जन-शक्ति

31.03.2020 तक बोर्ड की कुल जनशक्ति 421 थी (इसमें प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी शामि
के कार्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों की वर्तमान क्षमता
में दिया गया है ।

तालिका-1

भारत में बोर्ड की समूहवार जनशक्ति (31.03.2020) तक

क्षेत्र	ग्रुप ए	ग्रुप बी	ग्रुप सी
मुख्यालय	14	24	71
क्षेत्र/उप क्षेत्रीय कार्यालय	48	96	168
टी बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी	4	0	0
कुल	66	120	239

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं अन्य पिछड़े वर्ग (31.03.2020)

	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछ
ग्रुप ए	8	4	17
ग्रुप बी	20	5	31
ग्रुप सी	40	14	22
कुल	68	23	70

बोर्ड के कर्मचारियों का आयु-वार विवरण (प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों को छोड़कर) (31.0

आयु वर्ग	ग्रुप ए	ग्रुप बी	ग्रुप सी
18-30	3	8	5
31-40	21	52	59
41-50	17	22	65
51-60	21	38	110
कुल	62	120	239

टी बोर्ड की सेवानिवृत्ति तालिका (अगले पाँच वर्षों में)

वर्ष	ग्रुप ए	ग्रुप बी	ग्रुप सी
2020	1	6	14
2021	0	6	7
2022	3	6	11
2023	2	5	12
2024	4	8	19
कुल 2020 से 2024 तक	10	31	63

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड की जन-शक्ति में बदलावः

पदोन्नतिः

मितव्यय सम्बंधी उपायों के अंश के रुप में प्रशासनिक व्यय में प्रभावी आर्थिक तंत्र के लिए टी बोर्ड के नियंत्रण मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग ने दिनांक 22.02.2017 के पत्र द्वारा यह सुझाव दिया है कि विभाग की अनुमति के बिना कोई नयी भर्ती अथवा पदोन्नति न दी जाए ।

अतिरिक्त दायित्वः

- श्री ऋषिकेश राय, उपाध्यक्ष (राजभाषा) ने 22.12.2018 से सचिव, टी बोर्ड का अतिरिक्त दायित्व संभाला तथा यह 2019-2020 के दौरान भी जारी रहेगा ।
- श्री ए. राजन, सांख्यिकीविद् ने 14.08.2019 से निदेशक चाय संवर्धन (मुख्य.) का अतिरिक्त दायित्व संभाला ।

त्यागपत्र एवं पदमुक्ति

- श्री राकेश तलुरु, फै.स.अ. ने बोर्ड की सेवा से 14.04.2019 त्यागपत्र दे दिया ।
- श्री प्रकाश रॉय, फै.स.अ. ने बोर्ड की सेवा से 21.06.2019 को त्यागपत्र दे दिया ।
- वर्ष 2019-2020 के दौरान दो अन्य कार्मिकों ने बोर्ड की सेवाओं से त्यागपत्र दे दिया ।
- वर्ष 2019-20 के दौरान एक अन्य कर्मचारी को बोर्ड की सेवाओं से सी.आर.एस. प्रदान किया गया।

नियुक्तियाँ

- श्री एम. बालाजी, भा.प्र.से. (टीएनः2005) ने कार्यपालक निदेशक, टी बोर्ड कूनूर का पदभार 16.09.2019 से संभाला ।

सेवानिवृत्ति

- श्री टी.के.दे, वरि. लेखा अधिकारी 30.06.2019 बोर्ड की सेवा से सेवानिवृत्त हो गए ।
- श्री ए. राजन, सांख्यिकीविद 31.03.2020 बोर्ड की सेवा से सेवानिवृत्त हो गए ।
- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बारह (12) अन्य कर्मचारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए ।

दिवंगत

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान एक (01) कर्मचारियों का निधन हो गया ।

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान एक (01) कर्मचारी ने विभिन्न संवर्गो से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ग्रहण किया।

एमएसीपी लाभ

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, एमएसीपी योजना के तहत कुल 59 (उनसठ) कर्मचारियों को विभिन्न संवर्गों में लाभ प्राप्त हुआ वह निम्नस्त हैः-

ग्रुप-ए	02
ग्रुप-बी	11
ग्रुप -सी	46
कुल	59

स्वच्छ भारत अभियान

- समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी निदेशों के अनुसार, टी बोर्ड ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

प्रशिक्षण

- अप्रैल से मई 2019 के दौरान टी बोर्ड के लक्ष्य एवं उद्देश्यों की प्राप्ति एवं कार्यक्षमता की वृद्धि पर टी बोर्ड के कर्मचारियों को पावर इंफिनिटी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।
- आईआईएफटी (भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, कोलकाता कैम्पस) ने "भारतीय चाय के निर्यात में बढ़ोत्तरीः बाज़ार एवं अवरोध" पर प्रबंधन वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन दो दिन अर्थात् 28-29 सितम्बर 2019 को टी बोर्ड के सभी अधिकारियों के लिए किया गया ।
- श्री प्रमोदा कुमार दास, विधि अधिकारी, टी बोर्ड को आईएसटीएम, दिल्ली में आर.टी.आई. पर दो दिन अर्थात् 27-28 फरवरी 2020 हेतु प्रशिक्षण दिया गया ।

लोक शिकायत, संसदीय प्रश्न, मंत्रालय पत्राचार एवं अन्य वीआईपी संदर्भ

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड ने 115 संसदीय प्रश्न, 16 लोक शिकायत, 132 मंत्रालय पत्राचार एवं 34 अन्य वीआईपी संदर्भ का समाधान किया । असम सभा के 12 प्रश्नों का भी समाधान किया गया है।

कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न के निवारण हेतु शाखा

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान टी बोर्ड में यौन उत्पीड़न के निवारण हेतु गठित शाखा में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं की गई है ।

चिकित्सा नीति

- टी बोर्ड भारत ने समूह स्वास्थ्य मेडिक्लेम बीमा के विस्तार हेतु मेसर्स यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को वर्तमान कर्मचारिगण एवं उनके आश्रितों के इन-पेशेंट चिकित्सा के लिए 28.03.2019 से दायित्व सौंपा गया ।

अनुलग्नक - I

भारत तथा विदेशों में स्थित टी बोर्ड कार्यालयों का पता

पश्चिम बंगाल और बिहार

टी बोर्ड 14, बीटीएम सारणी , कोलकाता – 700001, दूरभाष : 033-22351331/फ़ैक्स : 033-2221-5715 ईमेल : secytboard@gmail.com वैबसाइट : www.teaboard.gov.in	टी बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय, वीरपाड़ा, ऊषा कॉम्पलेक्स, एम.जी. रोड, अलिपुरद्वार, पश्चिम बंगाल-735204 फो.03563-266542 ई-मेलःteaboardbirpara@gmail.com
दार्जिलिंग टी रिसर्च एंड डेव्लपमेंट सेंटर (डीटीआर एंड डीसी) आचार्य भानुपथ, कार्सियांग-734203, दार्जिलिंग दूरभाषः 0354-230287 फैक्स व दूरभाषः 0354-230218 ईमेलः teaboarddarjeeling@gmail.com	टी बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय, ईस्लामपुर, पावर हाउस पाड़ा, मुख्य बस टरमीनस के विपरीत, पोस्ट ईस्लामपुर, जिला-उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल-733202 ईमेल: teaboardislampur@gmail.com
टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, [illegible], बाबूपाड़ा, वार्ड सं 7 [illegible] 2nd माइल , सेवोक रोड , सिलिगुड़ी-734001, पश्चिम बंगाल दूरभाष/फैक्स : 0353-2544778 ईमेल : siliguriteaboard@gmail.com	टी बोर्ड, आंचलिक कार्यालय शहीद भगत सिंह कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, (3 तल) [illegible] पो. व जिलाः जलपाईगुड़ी-735101 पश्चिम बंगाल दूरभाष/ फैक्सः 03561-225146 ईमेल: teaboardjal@gmail.com
टी बोर्ड, उप- क्षेत्रीय कार्यालय पोस्ट-ठाकुरगंज, जिला- किशनगंज , बिहार ।	क्वालिटी कंट्रोल लैबोरेटरी (क्यूसीएल) टी बोर्ड, आंचलिक कार्यालय टी पार्क (एनजेपी रेलवे स्टेशन के पीछे) सिलिगुड़ी-735135

तमिलनाडु

टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय को-ऑपरेटिव बैंक के सामने मैसूर रोड, गुडलूर-643212 द निलगिरिज, तमिलनाडु दूरभाष-04262-262 316 ईमेल : teaboardgudalur@gmail.com	कार्यपालक निदेशक , टी बोर्ड आंचलिक कार्यालय, “शेलवूड”, लाईब्रेरी रोड ,पोस्ट बॉक्स न. – 6, कूनूर -643101, नीलगिरि, तमिलनाडु दूरभाष : 0423-2231638/2230316*[डी] फ़ैक्स : 0423-2232332, 2231484-आर ईमेल : teaboardcoonoor@rediffmail.com
1. टी रुम, टी बोर्ड चेन्नई सचिवालय, दुकान सं. 3, 4 सेन्ट. जॉर्ज, चेन्नई-600009 दूरभाष-044-24342754/फैक्सः044-24341650 ई मेलः teaboardchennai@sancharnet.in	1. टी बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय, 139, एलडैम्स रोड, तैनामपेट (2 तल) चेन्नई-600002, तमिलनाडु ।

केरल

टी बोर्ड इन्दिरा गांधी रोड , विलिंगडॉन आइलैंड, कोची – 682003, केरल , दूरभाष : 0484-2666523/2340481 फ़ैक्स : 0484-2666648 ईमेल : teaboardkochi@sancharnet.in	टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, 511/1, कल्लोलिकल बिल्डिंग, पीयरमेड पोस्ट इदुक्की जिला, केरल – 685 509, दूरभाष : 04869 – 222628 ईमेल : teaboard.kumily@gmail.com

आंध्र प्रदेश

टी नूक, सी.आर.ओ. (जी) कार्यालय के निकट (रेलवे आरक्षण कॉम्पलेक्स काउंटर के विपरित) तिरुमाला-517504, आंध्रप्रदेश

असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम एवं मेघालय

कार्यपालक निदेशक टी बोर्ड उत्तर पश्चिम आंचलिक कार्यालय हाउसफेड कॉम्पलेक्स, 5वां व 6 वां तल, सेंट्रल ब्लॉक बेलतला बशिष्ठ रोड, दिसपुर, गुवाहाटी -781006, दूरभाष : 0361-2228944 / 2228945 फ़ैक्स : 0361-2234251 ईमेल : teaboardguwahati@hotmail.com	टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, टी बोर्ड, आईटीआई रोड, पोस्ट-. इंद्रनगर, वाया-कुंजबन, अगरतला, त्रिपुरा-799006 दूरभाषः0381-2354639/फैक्सः0381-2354182 ईमेल: teaboard.agartala@gmail.com
लघु चाय रोपण विकास निदेशालय, जीग-जैग रोड, चौकीदींघी, शांतिनिकेतन अपार्टमेंट के विपरित, पोस्ट- डिब्रूगढ़-786001 दूरभाष :0373-2324982 ईमेल: teaboardsgdd@gmail.com teaboarddibrugarh@gmail.com	टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, क्लब रोड, सिल्चर -788 001, जिला – कछार, असम, दूरभाष : 03842-232518, ईमेल : silchar_tboard@rediffmail.com
टी बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय, प्राइवेट रेसीडेंस, 2 तल, किंगकप स्कूल के निकट, वी.आई.पी. रोड, पोस्ट-इटानगर अरुणाचल प्रदेश – 791 111 ईमेल आईडी: teaboarditanagar@gmail.com	टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, टी बोर्ड, टी रिसर्च एसोशिएशन कॉम्प्लेक्स , सिन्नामारा, जोरहाट – 785001, असम ईमेल : teaboardjorhat@gmail.com

टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, चुनाव कार्यालय के विपरीत, जिला – सोनीतपुर, गणेश घाट, तेजपुर-784001, असम , दूरभाष : 03712-233664, ईमेल : tezpurteaboard@gmail.com	टी बोर्ड, उप- क्षेत्रीय कार्यालय एल.के. बरुआ रोड,अमोलापट्टी, जिला- सिवसागर, असम पिन- 785640 ईमेल: teaboard.sivsagar@gmail.com
टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, ''पुण्यालय'' मारवाड़ी पट्टी, वार्ड नंबर -1 पोस्ट व जिला – गोलाघाट (असम) पिन -785621 , असम ईमेल: teaboardgolaghat@gmail.com	टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, खर्गेस्वर रोड ,बीएसएनएल कार्यालय के निकट , जिला-तिनसुकिया, असम पिन-786125 ईमेल: tinsukiateaboard2019@gmail.com
टी बोर्ड, उप- क्षेत्रीय कार्यालय, द्वाराः- मृणाल मोनी भट्टाचार्या, फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट के पीछे , पोस्ट व जिला – बिस्वनाथ चारियाली,असम ईमेल: nandyanupam3@gmail.com	टी बोर्ड उप- क्षेत्रीय कार्यालय, द्वाराः- श्री प्रभात दास, पोस्ट – जिला : उदालगुरी पिन-784509, असम ईमेल – nabajyotibaro73@gmail.com
टी बोर्ड, उप- क्षेत्रीय कार्यालय, लुमनॉनग्रीम,उम्सनिंग , जिला –रि-भोई , मेघालय पिन-793105 ईमेल: teaboardumsning@gmail.com	टी बोर्ड उप- क्षेत्रीय कार्यालय, C/O. गुनिन गोगोइ , पोस्ट –गोगामुख,जिला- धेमाजी ,असम । पिन-787034 ईमेल: rituvd@gmail.com
टी बोर्ड उप- क्षेत्रीय कार्यालय, द्वाराः- श्री हेमकांत खानीकर, 14 नंबर लाइन रोड , इलाहाबाद बैंक के पीछे राजगढ़ ,डिब्रुगढ़ , असमपिन- 786611 ईमेल: pbaidya23@yahoo.com	टी बोर्ड उप- क्षेत्रीय कार्यालय, जेमाबाव्क, हाई स्कूल रोड, हाउस नंबर आरके -62 , ऐजवाल, मिज़ोरम पिन-796017 ईमेल:diganta_2009@rediffmail.com
टी बोर्ड उप- क्षेत्रीय कार्यालय, पोस्ट – धर्मनगर, नॉर्थ त्रिपुरा, त्रिपुरा , पिन-799250 ईमेल: mnskrmllk@gmail.com	टी बोर्ड उप- क्षेत्रीय कार्यालय, राजाधाप ,पशु अस्पताल के निकट पोस्ट – सोनारी ,जिला- चराईडिओ, असम पिन-785690 असम । ईमेल: teaboard.sonari@gmail.com

दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं महाराष्ट्र

उ.प.भा. विशेषाधिकारी टी बोर्ड 13/2 जाम नगर हाउस, शाहजहाँ रोड , नई दिल्ली -110011, टेली फ़ैक्स: 011-23074179, मोबाईल : 09818007168 ईमेल : nasstats@gmail.com , daktboard@gmail.com	टी बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, कालु दी हट्टी, पालमपुर, कांगड़ा, हि.प्र. दूरभाष : 01894-238171 फैक्स : 01894-238178 ईमेल : teaboardpalampur@gmail.com

टी बोर्ड उप- कार्यालय लिंक रोड ,थापलिया, अल्मोड़ा, जिला:- उत्तराखंड , पिन-263601 ई:मेल-teaboardalmora@gmail.com	टी बोर्ड रेशम भवन , 78, वीर नरीमन रोड, मुंबई – 400002, टेलीफोन : 022-22041699, जी.एच (टेली) 23675401 ईमेल : mumteaboard@gmail.com

रूस

टी बोर्ड ऑफ इंडिया , 4, वोरोंत्स्वो पोलये- भारतीय दूतावास , मॉस्को रशियन फैडरेशन , दूरभाष/ फैक्स: +7 (495)916 3724, +7-495 783 7535 एक्स: 293 + 7(495)917 1657 आवास : +7(495)952 0524 मो. : +0079653862273, ईमेल : teaboard@indianembassy.ru , dcp@indianembassy.ru

अनुलग्नक-II
बोर्ड के सदस्यों की सूची

क्र.सं.	11 फरवरी, 2019 से 10 फरवरी, 2022 तक के बोर्ड के सदस्यों का नाम		
1.	श्री प्रभात कमल बेज़बरुआ फ्लैट 41, 17 लोअर रेंज, कोलकाता-700017 पश्चिम बंगाल	अध्यक्ष	नियम 4 के उप-नियम (1) के तहत नियुक्ति [वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं. एस.ओ. 1172 (ई) दिनांक 08.03.2019 एन.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) देखें]
2.	सचिव, उद्योग, वाणिज्य एवं उपक्रम विभाग पश्चिम बंगाल सरकार कोलकाता	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (ए) के तहत प्रधान चाय उत्पादक राज्यों के सरकार का प्रतिनिधित्व की नियुक्ति [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]
3.	प्रधान सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग त्रिपुरा सरकार अगरतला	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (ए) के तहत प्रधान चाय उत्पादक राज्यों के सरकार का प्रतिनिधित्व की नियुक्ति [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]
4.	सरकार के सचिव सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विभाग, तमिलनाडु सरकार, चेन्नई	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (ए) के तहत प्रधान चाय उत्पादक राज्यों के सरकार का प्रतिनिधित्व की नियुक्ति [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]
5.	कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रधान सचिव, कृषि विभाग, केरल सरकार, तिरुवनंतपुरम	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (ए) के तहत प्रधान चाय उत्पादक राज्यों के सरकार का प्रतिनिधित्व की नियुक्ति [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]

6.	सरकार के सचिव व आयुक्त वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, असम सरकार, गुवाहाटी	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (ए) के तहत प्रधान चाय उत्पादक राज्यों के सरकार का प्रतिनिधित्व की नियुक्ति [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]
7.	हिमाचल सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (कृषि) के प्रधान सचिव, शिमला	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (ए) के तहत प्रधान चाय उत्पादक राज्यों के सरकार का प्रतिनिधित्व की नियुक्ति [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]
8.	श्री रमेन डेका, सांसद, लोकसभा **(17 सितंबर 2019 तक)**	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (बी) के तहत संसद का प्रतिनिधित्व [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]
8ए.	श्री होरेन सिंह बे सांसद, लोक सभा **(18 सितम्बर, 2019 से)**	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (बी) के तहत संसद का प्रतिनिधित्व [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक **18/09/2019** की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की अधिसूचना सं.एस.ओ. 3359(ई) देखें]
9.	श्री पी. नागराजन सासंद, लोकसभा **(17 सितंबर 2019 तक)**	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (बी) के तहत संसद का प्रतिनिधित्व [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना सं.एस.ओ. 783(ई) देखें]
9ए.	श्री राजू बिष्ट, सांसद , लोक सभा **(18 सितम्बर, 2019 से)**	सदस्य	नियम 4 के उप-नि.म (1) के खंड (बी) के तहत संसद का प्रतिनिधित्व [एफ.न.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक **18/09/2019** की वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की अधिसूचना सं.एस.ओ. 3359(ई) देखें]

-नि.म (1) के खंड (बी) के तहत प्रतिनिधित्व [एफ.न.टी-पौध (ए) से दिनांक 11/2/2019 वं उद्योग मंत्रालय अधिसूचना ई) देखें]	10.	श्रीमती शांता छेत्री सांसद, राज्यसभा	सदस्य	नियम 4 के उप- संसद का 49019/1/2018-प की वाणिज्य एव सं.एस.ओ. 783(इ
नियम (1) के, खंड (ग) के तहत वं चाय संपदा व बागानों के निधित्व [एफ.स.टी-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295	11.	श्री बी. कुमारन, 6/415, होनाथली, बील्लीकॉम्बी (पोस्ट) नीलगिरि-643214 तमिलनाडु	सदस्य	नियम 4 के उप-नि चाय उत्पादक एव मालिकों का प्रति 49019/1/2018-प की एसओसीआई (ई) देखें ।]
नियम (1) के, खंड (ग) के तहत वं चाय संपदा व बागानों के निधित्व [एफ.स.टी-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295	12.	श्री बिपन सिंहल सचिव, लघु उद्योग भारती-उत्तर बंगाल इकाई मैग ट्री प्राईवेट लिमिटेड प्रिमियम अपार्टमेंट, 2 तल, शिव मंदिर रोड, पंजाहीपारा, सिलिगुड़ी-734001, पश्चिम बंगाल	सदस्य	नियम 4 के उप-नि चाय उत्पादक एव मालिकों का प्रति 49019/1/2018-प की एसओसीआई (ई) देखें ।]
नियम (1) के, खंड (ग) के तहत वं चाय संपदा व बागानों के निधित्व [एफ.स.टी-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295	13.	श्रीमती डिकी ताशी वांगचूक ताशी उत्पल, तातोंग सरकारी स्कूल के नीचे, तातोंग, पोस्ट दारा गाँव, गंगटोक-737102, सिक्किम	सदस्य	नियम 4 के उप-नि चाय उत्पादक एव मालिकों का प्रति 49019/1/2018-प की एसओसीआई (ई) देखें ।]
नियम (1) के, खंड (ग) के तहत वं चाय संपदा व बागानों के निधित्व [एफ.स.टी-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295	14.	श्री किशोरीलाल अग्रवाल 1ए, 137, सेक्टर 3, साल्ट लेक कोलकाता-700096 पश्चिम बंगाल .	सदस्य	नियम 4 के उप-नि चाय उत्पादक एव मालिकों का प्रति 49019/1/2018-प की एसओसीआई (ई) देखें ।]

15.	अध्यक्ष भारतीय चाय संस्थान रॉयल एक्सचेंज, 6, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ग) के तहत चाय उत्पादक एवं चाय संपदा व बागानों के मालिकों का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
16.	सभापति, द युनाईटेड प्लांटर्स एसोसिएशन ऑफ सदर्न इंडिया, पोस्ट बॉक्स सं. 11, ग्लैनव्यूह, कुन्नूर-643101	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ग) के तहत चाय उत्पादक एवं चाय संपदा व बागानों के मालिकों का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
17.	रिक्त	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (सी) के तहत चाय संपदाओं के मालिक तथा बागान एवं चाय उत्पादकों का प्रतिनिधित्व
18.	रिक्त	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (सी) के तहत चाय संपदाओं के मालिक तथा बागान एवं चाय उत्पादकों का प्रतिनिधित्व
19.	महासचिव असम चाहमज़दूर संघ, जीबन फुकन नगर, डिब्रुगढ़-786003, असम	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ए) के तहत प्रधान चाय उत्पादक राज्यों के सरकार के प्रतिनिधित्व की नियुक्ति [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
20.	श्रीमती वीणा (बीना) श्रीवास्तव पत्नी श्री महीन्द्र नाथ, ग्राम-डुग्नी, पोस्ट महाहु द-पालमपुर, जिला-कांगड़ा हिमाचल प्रदेश	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ग) के तहत चाय उत्पादक एवं चाय संपदा व बागानों के मालिकों का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]

21.	सभापति भारतीय चाय संघ इंडिया एक्सचेंज, 4, महाराणा प्रताप सरणी 7वां तल, इंडिया एक्सचेंज प्लेस, कोलकाता-700 001	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ग) के तहत चाय उत्पादक एवं चाय संपदा व बागानों के मालिकों का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
22.	श्री जे. रमन थुम्बानटी ग्राम व पोस्ट,ऊटी, द नीलगिरि-643002 तमिलनाडु ।	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ग) के तहत चाय उत्पादक एवं चाय संपदा व बागानों के मालिकों का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
23.	रिक्त	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (सी) के तहत चाय संपदाओं के मालिक तथा बागान एवं चाय उत्पादकों का प्रतिनिधित्व
24.	श्री निधेश हंसमुखलाल शाह टी ट्रेडर्स व एक्सपोर्टस फोरम, “मधुवन”, घर हो तो ऐसा के विपरीत कमल मंदिर रोड, संस्कार सोसाईटी के निकट, सुरेन्द्रनगर-363002 गुजरात	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (घ) के तहत चाय के निर्यातक व आंतरिक व्यापारियों का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
25.	रिक्त	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (सी) के तहत चाय संपदाओं के मालिक तथा बागान एवं चाय उत्पादकों का प्रतिनिधित्व
26.	श्री भावेश रमेशभाई पटेल संयुक्त प्रबंध निदेशक विक्रम टी प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड अजंता नगर, देवेलगाँव राजा रोड, जालना-431203, महाराष्ट्र	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ड़) के तहत चाय के विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
27.	श्री पी. मोहनन ताचपुरमबिल, लांडी, पोस्ट- लांड्री एस्टेट इडुक्की-685505, केरल	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (ड़) के तहत चाय के विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]

28.	श्री रतन नंदलाल बिदादा प्रबंध निदेशक बिदादा इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड गंगा मैंशन, सिंहागाद सोसाइटेड, कन्हेरी रोड, मोती नगर, लातुर-413512, महाराष्ट्र	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (च) के तहत चाय के उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
29.	संत श्री नानकदास महाराज सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान (एनजीओ) छपरीदंगरी, पोस्ट बड़ीखाटु तेहःजयल, जिला-नागोर, राजस्थान-341301	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (च) के तहत चाय के उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
30.	डॉ. अशोक कुमार सक्सेना 33, पार्न विला, सेवक आश्रम रोड, देहरादून, उत्तराखंड-24800	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (छ) के तहत अन्य इंटरेस्ट का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
31.	श्री सुनील किरवई भारतीय मजदूर संघ कार्यालय हाउस सं. 136/बी, वाटर वर्कस कॉलोनी, फायर सर्विस स्टेशन के निकट, पांडु, पोस्ट-रेस्ट कैम्प जिला-कामरुप-781012 असम	सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के, खंड (छ) के तहत अन्य इंटरेस्ट का प्रतिनिधित्व [एफ.स.टी-49019/1/2018-पौध (ए) से दिनांक 09/03/2019 की एसओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 1295 (ई) देखें ।]
32.	उपाध्यक्ष, टी बोर्ड	पदेन सदस्य	नियम 4 के उप-नियम (1) के खंड (एए) के तहत नियुक्त [एफ.सं.टी-49019/1/2018-पौध(ए) से दिनांक 11/2/2019 की एमओसीआई अधिसूचना सं. एस.ओ. 783 (ई)]

अध्याय-2

वैश्विक व भारतीय चाय परिदृश्य का एक व्यापक सिंहावलोकन

वैश्विक चाय परिदृश्य

उत्तरी अमेरिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों में करीब 36 से अधिक देशों तक विस्तृत है, जिसमें जॉर्जिया और अर्जेंटीना के बीच व्यापक कृषि-जलवायु परिस्थितियों में चाय पैदा होती है । वर्ष 2019 के दौरान वैश्विक चाय उत्पादन और उपभोग क्रमशः 6150 मिलियन किग्रा और 5859 मिलियन किलोग्राम था। वर्ष 2019 के दौरान उत्पादक देशों से कुल निर्यात 1904 मिलियन किलोग्राम तक बढ़ा। मुख्य चाय उत्पादक और निर्यातक देशों में चीन, भारत, केन्या, और श्रीलंका हैं और वे क्रमशः 80% और 74% विश्व चाय का उत्पादन तथा निर्यात करते हैं। (तालिका -1)

तालिका -1

2019 के दौरान प्रमुख उत्पादक और निर्यातक देशों का उत्पादन और निर्यात में हिस्सेदारी ।

देश	उत्पादन		निर्यात	
	मिलियन किग्रा	विश्वव्यापी हिस्सा	मिलियन किग्रा	विश्वव्यापी हिस्सा
चीन	2799	45	367	20
भारत	1390	23	252	13
केन्या	459	7	497	26
श्रीलंका	300	5	290	15
अन्य	1202	20	499	26
विश्व योग	**6150**	100	**1904**	**100**

स्रोत; आईटीसी की वार्षिक सांख्यिकिक बुलेटिन 2020 (भारत को छोड़कर)

2019 के दौरान मांग की तुलना में पूर्ति की अधिकता के कारण बांग्लादेश को छोड़कर मुख्य उत्पादक देशों के विश्वव्यापी नीलामी मूल्य में गिरावट आई ।

तालिका-2 : चाय का विश्व-व्यापी नीलामी मूल्य (यूएस$/कि.ग्रा. में)

देश	**2018**	**2017**	>/< **वृद्धि 2017**
भारत	2.00	2.03	-0.03
बांग्लादेश	2.31	3.11	-0.80
श्रीलंका	3.05	3.58	-0.53
केन्या	2.04	2.43	-0.39
लिम्बे	1.46	1.84	-0.38

स्रोत; आईटीसी की वार्षिक सांख्यिकिक बुलेटिन 2020 (भारत को छोड़कर)

चाय की औसत प्रति व्यक्ति खपत अलग अलग देशों में व्यापक रूप से भिन्न होती है। सबसे अधिक खपत वाले देश तुर्की (3.04 किग्रा), लीबिया (3.02 किलो), मोरक्को (2.07 किलो), आयरलैंड (2 किलो), संयुक्त राज्य (1.59 किग्रा) एवं हांगकांग (1.59 किलो) भारत में खपत करीब 840 ग्राम है।

यद्दपि, भारत में प्रति व्यक्ति चाय की खपत अन्य देशों की तुलना में कम है, तथापि भारत की जनसंख्या के कारण चाय की खपत वैश्विक खपत का 19% हिस्सा है। देश में कुल उत्पादन का लगभग 81% हिस्से का उपयोग किया जाता है। यह विशिष्ट स्थान अन्य उत्पादक देशों, विशेष रूप से केन्या और श्रीलंका के विपरीत है जो कि किसी भी मजबूत घरेलू मांग के लिए मुश्किल नहीं है और इसलिए वे अपने अधिकांश उत्पादन का निर्यात करते हैं।

वर्ष 2019 में वैश्विक चाय की स्थिति

उत्पादन:

वर्ष 2019 के दौरान कुल चाय उत्पादन में वर्ष 2018 की तुलना में 183.87 मि.कि.ग्रा. की वृद्धि हुई। इसका विस्तृत ब्यौरा तालिका-3 में देखा जा सकता है कि भारत को छोड़कर सभी उत्पादक देशों में काली चाय का उत्पादन घट गया है। तथापि, चीन एक प्रमुख हरी चाय उत्पादक देश है, उसके उत्पादन में 188.99 मि.कि.ग्रा. की वृद्धि हुई ।

तालिका-3: मुख्य चाय उत्पादक देशों में चाय का उत्पादन (मि.कि.ग्रा.)

देश	2019	2018	>/< वृद्धि 2018
भारत	1390.08	1338.63	51.45
श्रीलंका	300.13	304.01	-3.88
केन्या	458.85	493.00	-34.15
चीन	2799.38	2610.39	188.99
अन्य	1201.64	1220.18	-18.54
कुल विश्व उत्पादन	6150.08	5966.21	183.87

स्रोत; आईटीसी के वार्षिक सांख्यिकिक बुलेटिन 2020 भारत को छोड़कर

निर्यात:

वर्ष 2019 में कुल वैश्विक निर्यात 2018 की तुलना 40.54 मिलियन कि.ग्रा बढ़ गया (तालिका -4)। हालांकि, भारत के निर्यात में सीमांत गिरावट आई, केन्या, श्रीलंका की स्थिति में सुधार आया ।

तालिका-4: प्रमुख उत्पादक देश (मिलियन किलोग्राम) का निर्यात

देश	2019	2018	>/< वृद्धि 2018
केन्या *	496.76	474.86	21.90
चीन	366.55	364.71	1.84
श्रीलंका	289.59	271.78	17.81
भारत	252.15	256.06	-3.91
अन्य	498.62	495.72	2.90
कुल विश्व निर्यात	**1903.67**	**1863.13**	**40.54**

स्रोत; आईटीसी की वार्षिक सांख्यिकिक बुलेटिन 2020 (भारत को छोड़कर)

* केन्या के निर्यात में पड़ोसी अफ्रिकी उत्पादन करने वाले देश शामिल हैं

भारतीय चाय परिदृश्य

भारत में 15 राज्यों में चाय की खेती की जाती है जिसमें असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल प्रमुख चाय उत्पादक राज्य हैं। वे कुल उत्पादन का 98% हिस्सा रखते हैं। अन्य पारंपरिक राज्य जहां चाय की खेती की जाती है, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और कर्नाटक राज्य हैं। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, और सिक्किम भारत के चाय के नक्शे में प्रवेश करने वाले गैर-पारंपरिक राज्यों में शामिल हैं।

दार्जिलिंग, असम, नीलगिरि और कांगड़ा जैसी दुनिया की बेहतरीन चाय जो उत्कृष्ट स्वाद, कड़कपन और चमक के लिए प्रसिद्ध हैं, भारत में उत्पादित किए जाते हैं। विविध कृषि जलवायु परिस्थितियों के साथ भारत उपभोक्ताओं के विभिन्न स्वादों और वरीयताओं के अनुकूल चाय के मिश्रण का उत्पादन करता है। प्रत्येक क्षेत्र की विशेषताएं अलग-अलग होती है जो उन्हें अन्य से अलग करती है।

उत्पादन:

वर्ष 2019-20 **चाय उत्पादन का रिकार्ड वर्ष है**, उत्तर भारत के प्रमुख चाय उत्पादन करने वाले क्षेत्रों में जलवायु के अनुकूल परिस्थितियों के कारण 2018-19 की तुलना में कुल चाय के उत्पादन में 1360.81 मि.कि.ग्रा. सहित 10.77 मि.कि.ग्रा. वृद्धि दर्ज की गई ।

निर्यातः

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारत ने चाय निर्यात की धारा को बरकरार रखा । चाय निर्यात 5457.10 करोड़ रुपए की मूल्य वसूली सहित मात्रा में 241.34 मि.कि.ग्रा. थी । यह 9.73 प्रति किलोग्राम के बेहतर इकाई मूल्य वसूली के कारण मात्रा में 13.16 मि.कि.ग्रा. तथा मूल्य में 49.74 करोड़ रुपए कम था ।

प्राथमिक विपणन :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान देश में कुल उत्पादित चाय का 44.35% सार्वजनिक नीलामियों के माध्यम से बेचा गया, जिसे गत वर्ष बढ़ाया गया था एवं शेष को अन्य तरीके से बेचा गया।

घरेलू प्रतिधारण :

वर्ष 2018-19 में 1120 मिलियन कि.ग्रा. के मुकाबले वर्ष 2019-20 के दौरान चाय का अनुमानित घरेलू प्रतिधारण लगभग 1135 मिलियन कि.ग्रा. रहा।

अध्याय - 3

वित्त

प्रस्तावना

टी बोर्ड को सरकार द्वारा सहायता अनुदान से निधि दी जाती है । टी बोर्ड आंतरिक अतिरिक्त बजट स्रोत (आईईबीआर) जैसे अनुज्ञप्तियों पर शुल्क ऋण एवं अग्रिमों पर ब्याज तथा विविध आय जैसे तरल चाय की बिक्री, हरी पत्तियों की बिक्री, आवेदन पत्रों व अन्य प्रकाशनों आदि की बिक्री द्वारा लघु राशि प्राप्त करते हैं।

टी बोर्ड को उपलब्ध सभी निधि वार्षिक संघ बजट द्वारा प्राप्त होती है । सरकार की वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन करने के विषय में चाय अधिनियम की धारा 10 में प्रतिस्थापित प्रावधानों के अनुसार टी बोर्ड द्वारा ऐसी निधि का उपयोग किया जाता है ।

उपकर प्राप्ति

वर्ष 2019-20 के दौरान चाय अधिनियम 1953 की धारा 26 के तहत उपकर की प्राप्ति में टी बोर्ड को गैर-योजना के रुप में (अथ शेष छोड़कर) 7355.00 लाख रु. सरकार द्वारा विनिर्मुक्त किया गया था । 1.82 लाख रु. तथा 4.50 लाख रु. अथ शेष तथा अंत शेष था ।

अनुसंधान एवं विकास अनुदान

वर्ष 2019-20 के दौरान अनुसंधान एवं विकास अनुदान के प्रति सरकार से 1901.00 लाख की राशि प्राप्त की गयी । 38.82.00 लाख तथा 17.20 लाख रु. का अथ शेष तथा अंत शेष था एवं अन्य प्राप्तियाँ 23.92 लाख रु. थी।

अनुसंधान (एएसआईडीई)

वर्ष के दौरान सरकार से अनुदान के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई । तथापि 33.23 लाख रु. एवं 131.92 लाख रु. अथ शेष तथा अंत शेष था एवं अन्य प्राप्तियाँ 1.96 लाख रु. थी ।

सहायिकी

वर्ष के दौरान सरकार से सहायिकी के रूप में 8342.**13** लाख की राशि प्राप्त हुई । 20.69 लाख रु. तथा 29.89 लाख रु. का अथ शेष था तथा अन्य प्राप्तियाँ 372.80 लाख रु. थी ।

विशेष प्रयोजन चाय निधि-पूंजीगत

वर्ष के दौरान, एसपीटीएफ पूंजी अंशदान के प्रति सरकार से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई ।

गैर-योजना प्राप्तियाँ एवं व्यय

क. प्राप्तियाँ

वर्ष 2019-20 के दौरान गैर-योजना के विभिन्न शीर्षो के तहत प्राप्तियाँ निम्नवत थी :

(रु. लाख में)

चाय अधिनियम की धारा 26 के तहत प्राप्त राशि	7355.00
अनुज्ञापनों/टीएमसीओ, 2003 के बाबत वसूले गए शुल्क	292.51
एचएसीसीपी के बाबत वसूले गए शुल्क	0.00
तरल चाय की बिक्री, हरी पत्तियों की बिक्री, प्रकाशनों की बिक्री, नियत जमा पर ब्याज इत्यादि सहित विविध प्राप्तियाँ	392.36
अग्रिम पर ब्याज	8.08
डीसीटीएम के बाबत वसूले गए पंजीकरण शुल्क, असम, डुअर्स, नीलगिरि ट्रेड चिह्न व लोगो प्रशासन	16.05
अन्य प्राप्तियाँ	178.00
कुल	**8242.00**

ख. भुगतान

वर्ष 2019-20 के दौरान गैर-योजना व्यय निम्नवत थी:

(रु. लाख में)

पुस्तकालय सहित प्रशासन	2950.32
भारत में चाय संवर्धन	463.80
भारत से बाहर चाय संवर्धन	0.00
पेंशन उपदान व छुट्टी नकदीकरण सहित	2580.50
अन्य स्थापना व्यय	200.39
नई पेंशन योजना में नियोक्ता का अंशदान	116.92
अन्य प्रशासनिक व्यय	687.46
अचल सम्पत्तियों का क्रय	153.30
अन्य भुगतान	1086.63
कुल	**8239.32**

प्लान योजना प्राप्ति व भुगतान

ग. प्राप्तियाँ

विभिन्न प्लान योजनाओं के तहत वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्तियाँ :

(रु. लाख में)

चाय रोपण विकास सहायिकी योजना	3531.12
अनुसूचित जाति उप-योजना	542.00
गुणवत्ता उन्नयन व उत्पाद विविधिकरण योजना	109.03
मानव संसाधन विकास योजना	339.64
आर्थोडॉक्स चाय उत्पादन सहायिकी योजना	2184.13
बाजार संवर्धन योजना	812.71
चाय विनियम हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम	200.00
अनुसंधान व विकास योजना	1901.00
जनजाति क्षेत्र उप-योजना	623.50
कुल	**10243.13**

घ. भुगतान-अनुसंधान व विकास अनुदान

(रु. लाख में)

टीआरए/उपासी को सहायता अनुदान	952.94
टीआरए/उपासी के अलावा वित्तिय सहायता	0.00
परियोजना व्यय (कर्सियांग-एकीकृत चाय सुधार परियोजना)	8.88
डीटीआर व डीसी का वित्तिय उन्नयन	41.39
कार्यशाला/संगोष्ठि इत्यादि	0.40
संविदागत स्टाफ को वेतन	0.00
क्यूसीएल सिलिगुड़ी व्यय	67.55
संपदा क्रय	1.10
मूल्यांकन व अनुवीक्षण	0.00
अन्य भुगतान	796.02
कुल	**1868.28**

ड़. भुगतान - सहायिकी

(रु. लाख में)

रोपण सहायिकी योजना	3736.20
गुणवत्ता उन्नयन व उत्पाद विवधिकरण योजना	108.97
मानव संसाधन विकास योजना	339.46
आर्थोडॉक्स चाय उत्पादन सहायिकी योजना	2263.82
बाजार संवर्धन योजना	816.04
अनुसूचित जाति उप-योजना	545.67
चाय विनियम हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम	254.22
जनजाति क्षेत्र उप-योजना	621.34
कुल	**8685.72**

च. भुगतान- अनुसंधान योजना (एएसआईडीई)

(रु. लाख में)

व्यय	1.54
कुल	1.54

छ. भुगतान-ऋण योजना एवं चाय केंद्र

(रु. लाख में)

ऋण योजना हेतु आवर्ती कार्पस निधि	1486.22
एसपीटीएफ	2956.54
चाय केंद्र	4.06
कुल	**4446.82**

वर्ष 2019-20 के दौरान योजना पर कुल व्यय

(घ + ड़+ च) = **रु.** 10555.54 लाख

अध्याय - 4

चाय विकास

परिचय :

चाय अधिनियम के अंतर्गत चाय बोर्ड के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक कार्य विकास परियोजनाओं का सूत्रीकरण एवं कार्यान्वयन है जिसका लक्ष्य बागानों का चाय उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना, चाय प्रक्रिया का आधुनिकीकरण, पैकेजिंग तथा मूल्य संवर्धन सुविधाएं प्रदान करना, लघु चाय उत्पादकों में सहकारिता प्रयासों को बढ़ावा देना तथा चाय बागान के कामगारों के लिए कल्याणकारी उपाए करना है जो बागान श्रमिक अधिनियम के प्रावधानों के अनुपूरक है ।

उपरोक्त क्रियाकलापों के लिए वित्तीय सहायता अनुमोदित परियोजनाओं के द्वारा प्रदान की जाती है।

विकास समिति :

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान विकास समिति में निम्नलिखित सदस्य है :

1. उपाध्यक्ष, चाय बोर्ड, समिति का पदेन अध्यक्ष
2. श्री विवेक गोएंका, आईटीए
3. श्री मुदित कुमार, टीएआई
4. श्री निदेश हसमुखलाल शाह
5. डॉ अशोक कुमार सक्सेना
6. श्री ए. ई. जोसफ

बोर्ड/विकास समिति की बैठकें :

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित तारीखों को बोर्ड/विकास समिति की बैठकें हुईं :

बैठक की संख्या	बैठक की तारीख	स्थान
बोर्ड की 238वीं बैठक	3 अप्रैल, 2019	कोलकाता
बोर्ड की 239 वीं बैठक	27 जून, 2019	कोलकाता
बोर्ड की 240 वीं बैठक	24 सितंबर , 2019	कोलकाता
बोर्ड की 241वीं बैठक	30 नवंबर 2019	कोलकाता

1. मध्यम अवधि ढ़ांचा (एमटीएफ़) (2017-18 से 2019-20) :

मध्यम अवधि की रूपरेखा (2017-18 से 2019-20) के दौरान 12वीं योजना के चाय विकास और संवर्धन योजना को चालू रखने के लिए ईएफ़सी द्वारा यथा अनुमोदित चाय बोर्ड के प्रस्ताव को दिनांक 29.12.2017 के पत्र संख्या : एफ.सं.टी.17014/2/2016/पौध-ए द्वारा सरकार की अनुमति से अवगत कराया गया ।

सरकार ने मध्यम अवधि की रूपरेखा (2017-18 से 2019-20) के अंतर्गत चाय विकास एवं संवर्धन योजना के लिए स्थापना व्यय के अलावा रोपण विकास,गुणवत्ता उन्नयन एवं उत्पाद विविधिकरण,बाज़ार संवर्धन,अनुसंधान एवं विकास तथा राष्ट्रीय चाय विनियम कार्यक्रम के घटकों सहित अन्य क्रियाकलापों के लिए 394.85 करोड़ रु० के परिव्यय को मंजूरी दे दी है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 मध्यम अवधि की रूपरेखा का अंतिम वर्ष था । 2019-20 के दौरान विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त धनराशि और व्यय का विवरण इस प्रकार है :

सारणी :1

2019-20 के दौरान चाय विकास एवं संवर्धन योजना के पीडीएस, क्यूयूपीडीएस, एचआरडी, एससीएसपी और टीएएसपी के अंतर्गत प्राप्त एवं संवितरित धनराशि			
(रु० करोड़ में)			
क्र.सं	**परियोजनाएँ / घटक**	**प्राप्ति**	**व्यय**
	रोपण विकास क) बड़े उत्पादक	26.26	27.12
	ख) लघु उत्पादक विकास	9.05	9.05
1	**उप – कुल**	**35.31**	**36.17**
	क) गुणवत्ता उन्नयन एवं उत्पाद विविधिकरण	1.09	1.11
	ख) आर्थोडॉक्स चाय का उत्पादन	21.84	22.61
2	**उप – कुल**	**22.93**	**23.72**
3	मानव संसाधन विकास	3.40	4.31
4	अनुसूचित जाति उप योजना	5.42	5.42
5	जनजाति क्षेत्र उप योजना	6.24	6.23
	कुल	**73.30**	**75.85**

त 3 वर्षों में प्राप्त एवं व्ययित

0)	
एमटीएफ़ कुल	
प्राप्ति	व्यय
83.40	84.30
26.58	26.51
109.98	**110.81**
11.33	11.29
54.06	54.89
65.39	**66.19**
10.77	11.98
17.35	17.25
12.48	12.46
215.97	**218.69**

में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है
और अधिक ध्यान देने के लिए
की स्थापना की गई और असम
लघु उत्पादक वाले प्रमुख क्षेत्रों

न करने की प्रक्रिया शुरू कर दी
ला में पारदर्शिता लाने के लिए
लीफ़ एजेंट्स, बोर्ड के फील्ड
बाइल एप्प को जब हितधारकों
ससे चाय बोर्ड को हरी पत्तियों
द हरी पत्तियों द्वारा तय दूरी,
जानकारी मिलती रहेगी।

मध्यम अवधि की रूपरेखा के दौरान विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के अंतर्गत विग
धनराशि का विवरण इस प्रकार है :

सारणी : 2

मध्यम अवधि की रूपरेखा – एमटीएफ़ (2017-18 से 2019-20						
	2017-18		2018-19		2019-20	
परियोजना	**प्राप्ति**	**व्यय**	**प्राप्ति**	**व्यय**	**प्राप्ति**	**व्यय**
पीडीएस –बीजी	32.57	32.57	24.57	24.61	26.26	27.12
पीडीएस-एसजीडी	12.50	12.43	5.03	5.03	9.05	9.05
पीडीएस उप-कुल	**45.07**	**45.00**	**29.60**	**29.64**	**35.31**	**36.17**
क्यूयूपीडीएस	6.91	6.86	3.33	3.33	1.09	1.10
ओटीपीएस	17.57	17.62	14.65	14.66	21.84	22.61
क्यूयूपीडी उप-कुल	**24.48**	**24.48**	**17.98**	**17.99**	**22.93**	**23.72**
एचआरडी	4.91	5.22	2.46	2.45	3.40	4.31
एससी एसपी	2.74	2.64	9.19	9.19	5.42	5.42
टीएएसपी	0.00	0.00	6.24	6.23	6.24	6.23
कुल	**77.20**	**77.34**	**65.47**	**65.50**	**73.30**	**75.85**

2. लघु उत्पादक विकास निदेशालय :

लघु चाय उत्पादक एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरा है जो देश के निर्मित चाय के उत्पादन
। इस क्षेत्र के बढ़ते योगदान को देखते हुए तथा लघु चाय उत्पादकों के समग्र विकास के लिए
टी बोर्ड द्वारा अप्रैल 2013 में लघु चाय विकास निदेशालय के नाम से एक अलग निदेशालय
के डिब्रूगढ़ स्थित मुख्यालय के साथ उसे क्रियाशील बनाया गया । रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान
में 11 उप - क्षेत्रीय कार्यालय थे ।

लघु उत्पादकों की परिगणना एवं क्यूआर कोड के साथ पहचान-पत्र जारी किया जाना :

चाय बोर्ड ने क्यूआर कोड के साथ पहचान-पत्र जारी करते हुए लघु चाय उत्पादकों के पहचान
है। इन उत्पादकों के खेतों से लेकर कारखानों तक हरी चाय पत्तियों की सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंख
चाय बोर्ड ने हितधारकों, जैसे- लघु चाय उत्पादकों, कारखानों (ईएफ़+बीएलएफ़), ग्रीन
ऑफिसर्स एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए एक मोबाइल एप्प विकसित किया है। इस मो
को क्यूआर कोड युक्त आईडी कार्ड जारी करने के लिए वेब पोर्टल के साथ जोड़ा जाएगा तब उ
की मात्रा एवं गुणवत्ता, प्रति किलो ग्राम हरी चाय पत्ती पर प्राप्त कीमत, उत्पादन के बा
उसमे लगने वाले समय, ट्रेसिंग, प्रशिक्षण जरूरतों, मौसम विवरण, चेतावनी आदि की सटीक

लघु उत्पादकों की परिगणना तथा मुद्रित एवं जारी किए गए क्यूआर कोड का राज्य – वार विवरण नीचे प्रस्तुत है :

सारणी : 3

लघु चाय उत्पादकों की कुल संख्या			
राज्य	**संख्या**	**क्षेत्र (हेक्टेयर)**	**मुद्रित और जारी किए गए क्यूआर कार्डों की संख्या**
केरल	8497	5567.74	3597
तमिलनाडु	45765	33284.57	22943
कर्नाटक	0	0	-
असम	101085	105291	75785
नागालैंड	3354	22772.27	1721
मेघालय	644	910.35	240
त्रिपुरा	2766	1407.28	831
मिज़ोरम	364	182.8	-
मणिपुर	489	1382.61	-
अरुणाचल प्रदेश	1690	4630.5	-
पश्चिम बंगाल	37365	33711.27	22605
बिहार	3500	3900	
सिक्किम	30	8.75	-
हिमाचल प्रदेश	1526	710.22	272
उत्तराखंड	3150	2127.08	210
कुल	**210225**	**215886.44**	**128204**

जिला स्तरीय हरी पत्ती मूल्य निगरानी समितियों के माध्यम से कीमत की निगरानी :

हरी पत्तियों की निगरानी के लिए विभिन्न चाय उत्पादक जिलों में जिला स्तरीय मूल्य निगरानी समिति की बैठकें हुईं।

3. प्रमुख घटनाएँ:

विकासात्मक योजनाओं के लिए ऑन लाइन सिस्टम की स्थापना :

काम में पारदर्शिता लाने और शीघ्र निपटारे के लिए बोर्ड के वर्तमान मध्यम अवधी की रूपरेखा (एमटीएफ़) परियोजना के लिए विभिन्न हितधारकों को ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान करने के लिए, टी बोर्ड ने सभी विकासात्मक योजनाओं के लिए ऑनलाइन सिस्टम स्थापित करने के जरूरी कदम उठाएँ हैं। बोर्ड के क्यूयूपीडीएस (ओटीपीएस) तथा एचआरडी एप्लिकेशन पहले से ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में है जबकि अन्य योजनाएँ बीटा वर्जन (beta version) में परीक्षण में है। जहां तक लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता के संवितरण का मामला है वह लॉकडाउन के बावजूद डीबीटी के माध्यम से पहुंचा दी गई है।

उत्कृष्ट पत्ती की गणना के लिए कृत्रिम सूचना : आईआईटी खड़गपुर द्वारा शुरू की गई एक स्टार्ट अप – एजनेक्स्ट(**Agenext**) और टीआरए के बीच एक सहयोग से इस प्रौद्योगिकी को विकसित किया गया है जिसका लक्ष्य चाय की गुणवत्ता में सुधार लाना है । इस प्रौद्योगिकी से विकसित मशीन 'उत्कृष्ट पत्ती ''की गिनती करने में मदद करेगी । इसका उद्देश्य सटीकता में सुधार लाना,पारदर्शिता, समय की बचत करना तथा कच्चे माल की गुणवत्ता में सुधार लाना है। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और असम में एक-एक मशीन स्थापित (कार्य प्रगति पर है) कर दी गई है ।

चाय सहयोग एपः- लघु चाय उत्पादकों के लाभ तथा लघु चाय उत्पादक, बॉट लीफ़ टी फैक्ट्रीज़, एस्टेट फैक्ट्रीज़,ग्रीन लीफ़ कैरिएर्स के इस्तेमाल के लिए टी बोर्ड द्वारा "चाय सहयोग'' नाम का एक मोबाइल एप्प विकसित किया गया है जिसका इस्तेमाल बोर्ड के अधिकारी बेहतर संचार सुनिश्चित करने, कीमत की जानकारी प्राप्त करने, पता लगाने, प्रशिक्षण आवश्यकता, मौसम की जानकारी और सूचना प्रसार इत्यादि के लिए कर सकते हैं । हितधारकों द्वारा इस एप्प के इस्तेमाल से सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी जिसके फलस्वरूप लघु चाय उत्पादक द्वारा आपूर्तित ग्रीन लीफ़ के लिए अच्छी कीमत मिल सकेगी । अब तक कुल 1004 कारखानों, 7894 लघु उत्पादकों तथा एसएचजी और एफ़पीओ सहित 2745 लीफ़ एग्रीग्रेटर्स ने यह एप्प डाउनलोड कर लिया है ।

जलवायु उन्मुख चाय :देश भर के लघु चाय उत्पादकों द्वारा जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे प्रभावों को दूर करने के लिए टी बोर्ड ने जीजीजीआई के सहयोग से जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए पाँच राज्यों यथा-असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और हिमाचल प्रदेश के लिए एक भेद्दता आकलन परियोजना (vulnerability assessment project) की शुरुआत की है। जीजीजीआई लघु चाय उत्पादकों की भेद्दता आँकने में टी बोर्ड की सहायता कर रहा है जिससे भारत सरकार के एनएएफ़सीसी तक पहुँचकर चाय क्षेत्र में जलवायु उन्मुखता लाने में मदद मिलेगी । 2020 से 2024 तक के चार वर्ष की अवधि के लिए इस परियोजना पर कुल 148 करोड़ रुपए का खर्च आएगा । यह परियोजना संबंधित विभाग द्वारा विचाराधीन है ।

आभासी/वरचुअल (virtual Conference) **कॉन्फ्रेंस :**

उन्नत प्रौद्योगिकी के विकास के साथ टी बोर्ड ने कार्यालयों में आभासी कॉन्फ्रेंस शुरू किया तथा हितधारकों से जुड़े सभी [illegible]

ध कराये गए । बाधित न हों इसके लिए सभी अधिकारियों को प्रौद्योगिकी सहायता एवं उपकरण उपलब

मौसम आधारित फसल बीमा योजना :

असम के गोलाघाट, पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी और तमिलनाडु के नीलगिरि जिले में लघु चाय उत्पादकों के हित में मौसम आधारित फसल बीमा योजना को परिचालित करने के लिए टी बोर्ड द्वारा एक बीमा कंपनी को शामिल करने का निर्णय लिया गया । इस उद्देश्य के लिए परियोजना के कार्यान्वयन हेतु निविदा जारी किए गए ।

कारख़ाना बंदी :

कम गुणवत्ता वाली चाय के विनिर्माण को रोकने के लिए वर्ष 2019-20 के शीतकालीन महीनों (दिसंबर, 2019 से फरवरी, 2020) के दौरान उत्तर भारत में निम्न गुणवत्ता वाली चाय के उत्पादन को रोकने के लिए कदम उठाए गए ।

नीति फोरम फॉर द नॉर्थ ईस्ट के अंतर्गत उत्तर पूर्व के लिए क्षेत्र विशेष योजनाएँ :

टी बोर्ड ने नीति फोरम के अंतर्गत उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए विशेष योजनाओं के तहत 994.00 करोड़ रुपये की अंतिम कार्यवाही योजना सरकार के सम्मुख विचारार्थ रखा है । इस क्रियाकलाप में (**i)** जैविक मूल्य श्रृंखला का निर्माण **(ii)** चाय पर्यटन (**iii)** गुणवत्ता वृद्धि (**iv)** चाय का ब्रांड निर्माण और भांडागार सहायता शामिल है।

कृषि निर्यात नीति :टी बोर्ड ने द्वितीय अंतर मंत्रालय कृषि नीति कार्यान्वयन समिति की अनुशंसा पर आधारित कुल 52.92 करोड़ रु० के प्रस्ताव के साथ एक एक्शन प्लान जमा किया है जिसमें उत्तर पूर्व क्षेत्र से चाय की निर्यात भागीदारी को बढ़ाने के लिए असम के तिनसुकिया, डिब्रूगढ़ और सिवसागर जिलों में क्लस्टर निर्माण द्वारा निर्यात के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण किया जाएगा । इस प्रस्ताव में (**i)** क्लस्टर्स में कटाई के बाद आधारभूत संरचना का निर्माण (**ii)** क्षमता निर्माण (**iii)** नई प्रौद्योगिकी/ नई मशीनरी लाना (**iv) GAP** कार्यान्वयन (**v)** उत्पाद विकास के लिए सहायता (**vi)** विपणन के लिए सहायता (**vii)** अनुसंधान एवं विकास के लिए सहायता शामिल है।

पीएमकेवीवाई-आरपीएल कार्यक्रम :टी बोर्ड ने प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद (एनसीडीसी) के द्वारा लगभग 14,700 चाय बागान श्रमिकों को प्रशिक्षण एवं कौशल मान्यता प्रदान करने के लिए कदम उठाए हैं ।

सारणी : 4

क्रम सं	राज्य/केंद्र प्रशासित राज्य	अनुमोदित लक्ष्य	नामांकित उम्मीदवार	प्रशिक्षित उम्मीदवार
1.	असम	6780	2162	
2.	केरल	979	477	
3.	तमिलनाडु	2675	570	
4.	त्रिपुरा	363	380	
5.	पश्चिम बंगाल	3903	2972	
	कुल	14700	6561	4971

परंतु, कोविड -19 के कारण 24.3.2020 से पूरे देश में लॉकडाउन लागू कर दिया गया था । इसलिए 24.3.2020 के बाद प्रशिक्षण /कार्यशालाएँ आदि नहीं किए गए ।

कोविड -19 उपाए :

कोविड -19 महामारी और पूरे देश में 24.3.2020 से लॉकडाउन की घोषणा के कारण टी बोर्ड ने समय समय पर मानक संचालन विधि या एसओपी तैयार किया तथा अनुपालन के लिए चाय उद्योग को एसओपी जारी किया । कोरोना महामारी को फैलने से रोकने के लिए टी बोर्ड ने अपने विभिन्न कार्यालयों में परिपत्र जारी करते हुए उपाय भी किए।

4. स्वच्छता एक्शन प्लान (एसएपी):

सरकार के निर्देशानुसार टी बोर्ड ने बोर्ड के विभिन्न कार्यालयों एवं चाय बागानों में स्वच्छता कार्य योजना के अनुपालन के लिए कदम उठाए। बोर्ड के विभिन्न कार्यालयों की सफाई, उनके सौंदर्यीकरण एवं अन्य क्रियाकलापों पर 54 लाख रु० खर्च किए गए ।

5. बंद चाय एस्टेट्स :

चाय एस्टेट्स के बंद होने के प्रमुख कारणों में खराब बागान प्रबंधन अभ्यास, गुणवत्ता एवं कीमत में गिरावट, असहज (यद्दपि सामान्यत: अस्थिर नहीं) औद्दोगिक संबंध परिदृश्य,विकास दृष्टिकोण की कमी, अति ऋणोन्मुख वित्तीय पोषण रणनीति, स्वामित्व विवाद, श्रमिक असंतोष आदि है।

सारणी : 5

वित्तीय वर्ष 2019-20 में देश में बंद पड़े चाय बागानों की अद्दतन स्थिति							
क्रम सं.	टी एस्टेट का नाम	चाय अंतर्गत क्षेत्र (हेक्टेयर)	राज्य	बंद की तारीख	कामगारों की संख्या		वर्तमान स्थिति
					स्थायी	अस्थायी	
1	पानीघाटा टी एस्टेट	460.15		10.10.2015	787	0	कामगारों का बकाया राशि आदि का भुगतान नहीं होने से श्रमिक असंतोष
2	ढेकलापाड़ा टी एस्टेट	197.00		11.03.2006	604	200 (लगभग)	एस्टेट को औपचारिक रूप से माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा परिसमाप्त कर दिया गया। चाय बागान को माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय (आधिकारिक परिसमापक) द्वारा दिनांक 11 मई 2012 को ई - नीलामी के लिए रखा गया था परंतु कोई संभाव्य क्रेता नहीं मिला।
3	बुंदापानी टी एस्टेट	530.00		13.07.2013	1215	68	भूमि का पट्टा समाप्त हो जाने पर राज्य सरकार ने बंद पड़े बुंदापानी टी इस्टेट की भूमि को दिनांक 15 अक्टूबर, 2014 को अपने अधीन ले लिया

	4	धरनीपुर टी एस्टेट	265.00	पश्चिम बंगाल	21.10.2013	357	450 (लगभग)	राज्य सरकार ने दिनांक 18 नवम्बर 2014 को बंद पड़े धरनीपुर टी एस्टेट की भूमि को अपने अधीन ले लिया ।
	5	रेडबैंक टी एस्टेट	369.00		19.10.2013	888	700 (लगभग)	भूमि का पट्टा समाप्त होने के बाद राज्य सरकार

	ने दिनांक 21 नवम्बर, 2014 को बंद पड़े रेडबैंक टी इस्टेट की भूमि को अपने अधीन कर लिया है।							
50 भग)	राज्य सरकार ने दिनांक एक के 14.11.2014 आदेशानुसार टी नगर सुरेन्द्र के भूमि की इस्टेट कर रद्द को पट्टे के भूमि और दिया राज्य को पट्टे द्वारा सरकार दिनांक को 13.01.2015 अपनेअधीन लिया गया ।	6	सुरेन्द्रनगर टी एस्टेट	172.00		19.10.2013	301	15 (लग
0	अनौपचारिक सूचना के अनुसार, संपत्ति बिक्री की प्रक्रिया के अंतर्गत है ।	7	मधु टी एस्टेट	323.00		23.09.2014	947	0
01	कामगारों के बकाया रकम आदि का भुगतान न होने के कारण श्रमिक असंतोष ।	8	मानाबारी टी एस्टेट	281.08		08.10.2016	452	10

9	लंकापारा टी एस्टेट	758.45		16E दिनांक 28.01.2016 को अधिसूचित किया गया था	1705	816	चाय अधिनियम के अनुभाग 16(ई) के अंतर्गत चाय बागान को अधिसूचित किया गया था वर्तमान में बंद है।
10	दूटेरिया टी एस्टेट	444.92		09-06-19	1248	4	कामगारों के बकाया रकम आदि का भुगतान न होने के कारण श्रमिक असंतोष तथा कुप्रबंध
11	कालेज घाटी टी एस्टेट	235.56		09-06-19	559	143	कामगारों के बकाया रकम आदि का भुगतान न होने के कारण श्रमिक असंतोष तथा कुप्रबंध
12	पेशोक टी एस्टेट	314.70		09-06-19	517	110	कामगारों के बकाया रकम आदि का भुगतान न होने के कारण श्रमिक असंतोष तथा कुप्रबंध
13	पीरमेड एंड लोनेट्री टी एस्टेट	679.79	केरल	01.04.2016	220	0	कामगारों के बकाया रकम आदि का भुगतान न होने के कारण श्रमिक असंतोष । केरल सरकार इस टी एस्टेट को पुन: खोले जाने की प्रक्रिया में है।
14	कोट्टामाला एंड बोनामी टी एस्टेट	677.51		23.12.2013/ 11.10.2014	375	0	कंपनी को केरल उच्च न्यायालय से रोक आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें यह कहा गया है कि वर्तमान में कंपनी का चाय

							अधिनियम के अंतर्गत होने के कारण उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती ।
15	बोन्नाकोर्ड	378.00		05.03.2015	220	0	वित्तीय संकट के कारण इस्टेट प्रबंधन ने इस्टेट का परित्याग कर दिया है ।
	कुल	6086.16			10395	2742	

4.5 चालू परियोजनाओं के अंतर्गत भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि का विवरण

घटक – रोपण विकास गतिविधि (वृहद उत्पादक क्षेत्र) :

सारणी : 6

घटक – बागान विकास गतिविधि

- ब्लेडों की कटाई-क्रिया के कारण प्लकिंग के ऊपरी तल की अनुरक्षण पर्णसमूह भी कट जाती है , जिससे अनुरक्षण पर्णसमूह की गहराई में कमी आती है । ब्लेड की पुनरावृत्त क्रिया के कारण निरंतर कतरनी हार्वेस्टिंग और मशीन हार्वेस्टिंग कार्यक्रम में अनुरक्षण पर्णसमूह क्षतिग्रस्त होती है , जिससे गहराई में कमी आती है ।

- ❖ इस तरह की कार्यप्रणाली से यह सुनिश्चित होता है कि अनुरक्षण पर्णसमूह को नुकसान पहुँचाए बिना पंक्तियों का सही स्तर पर पत्तियों की तुड़ाई किया जाता है। तुड़ी हुई पत्तों को बागान से ट्रक तक इकट्ठा करने की सुविधा के लिए प्रत्येक पंक्ति को औसतन 60 मीटर की अंतराल पर बनाए रखा जाता है।
- ❖ चाय के पौधों को पाला से बचाने के लिए प्रत्येक 60 से 100 मीटर की अंतराल पर खंभों पर केवल पंखे लगाए जाते हैं। जबकि दक्षिण भारत में चाय के पौधों को फ़िल्टर्ड छाया प्रदान करने के लिए छायावृक्ष रोपण की सिफारिश की जाती है।
- ❖ दक्षिण भारतीय परिस्थितियों के तहत, औसतन एकल पुरुष संचालित हार्वेस्टर एक दिन में 450 - 500 किलोग्राम ग्रीन लीफ़ की प्रति मशीन तुड़ाई क्षमता के साथ एक दिन में लगभग 0.2 से 0.3 एकड़ की पत्ती तुड़ाई कर सकता है । वहीं दो पुरुष द्वारा संचालित हार्वेस्टर एक दिन में 1000-1200 किलोग्राम ग्रीन लीफ़ की प्रति मशीन तुड़ाई क्षमता के साथ एक दिन में लगभग 0.5 से 0.7 एकड़ की पत्ती तुड़ाई कर सकता है ।
- ❖ निरंतर यांत्रिक पत्ती तुड़ाई के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने करने लिए गिबरेलिक एसिड के साथ नाइट्रोजन , फास्फोरस , पोटाशियम और मैंगनीज, मैग्नीशियम, बोरोन, जिंक सल्फेट का पर्ण (फोलियर) अनुप्रयोग करते हैं। यांत्रिक पत्ती तुड़ाई के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए पर्ण अनुप्रयोग कार्यक्रम के बाद मैक्रो और सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रयोग का अनुसरण किया जा सकता है।
- ❖ दक्षिण भारत में प्रायोगिक परिणामों से पता चला है कि कैमेलिया एसामिका आर8जीए1 से संबंधित क्लोन के लिए 70 सेमी से 80 सेमी की ऊंचाई तक आसानी से स्किफ कर सकते हैं और एक दिन में 3500 झाड़ियों को कवर कर सकते हैं।

5% सेमी ड़ाई साल कम

- ❖ समायोज्य चौड़ाई के कारण, राइडिओन मशीन को किसी भी मौजूदा दक्षिण भारतीय बागान में 1 की अधिकतम ढलान के साथ और 120 X 60 X 60 X 60 सेमी या 135 X 75 X 75 X 75 के अंतराल के साथ संचालित किया जा सकता है। चूंकि राइडिओन हार्वेस्टर 93 सेमी तक पत्ती तु कर सकते हैं, छंटाई की ऊँचाई को अधिकतम 55 से 60 सेमी तक कम करना पड़ता है और दो के अंत में जब झाड़ियों की ऊंचाई 93 सेमी से अधिक हो जाती है, तो छतरी (केनोपी) ऊंचाई को करने के लिए स्किफिंग की आवश्यकता होगी। ।

(ग) दार्जिलिंग चाय अनुसंधान एवं विकास केंद्र (डीटीआरडीसी)

लिए

(i) परियोजना का नाम : उत्पादकता, गुणवत्ता और तनाव सहिष्णुता के लिए नए क्लोन के विकास के प्रजनन के पारंपरिक और गैर-पारंपरिक तरीकों का एकीकरण।

बाद धार र के लोन का का 104 त्ता

- ➢ केस्टलटन, डीटीआरडीसी और रोहिणी टी एस्टेट में दीर्घकालिक परीक्षण प्लॉट स्थापित करने के एवं संरचनात्मक (मोर्फोलोजीकल) अवलोकन, ऑर्गेनोलेप्टिक और जैव-रासायनिक मूल्यांकन के आ पर कंट्रोलों के साथ तुलना करने पर परीक्षण के पश्चात प्रमुख 15 टेस्ट क्लोन पाए गए। पैदावार परिणाम से संकेत मिलता है कि क्लोन सी-114, सी- 104, सी-99 और सी-100 दोनों कंट्रोल क एवी-2 और पी-312 से अधिक उत्कृष्ट थे। शाखन प्रकृति , शाखा के लक्षण और पत्तों के लक्षण चाय के विवर्णक (डिस्क्रिप्टर) का अनुसरण करते हुए कंट्रोल सहित सभी अभिवृद्धियों(अक्सेशन) संरचनात्मक (मोर्फोलोजीकल) निगरानी किया गया था। उपरोक्त अभिवृद्धियों(अक्सेशन) में सी- और सी-114 के प्रमुख कली यानी सिरा और पत्ती की सतह पर घना रोम है, जो कि गुणव

विशेष रूप से ओर्थोडोक्स चाय के लिए एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक (मोर्फोलोजीकल) चिन्हक (मार्कर) है , जिसके लिए दार्जिलिंग अच्छी तरह से जाना जाता है।

- स्वाद , चाय की झाड़ की स्वाभाविक गुण होती हैं और इसे विशेषज्ञ निर्माता द्वारा चाय के लिकर में बनाए रखा जा सकता है। चाय की गुणवत्ता को रंग, गुण, तीव्रता और स्वाद की उपस्थिति से भी मापा जा सकता है। अधिक स्वाद एवं लिकर वाली चाय में उपयोगी लक्षण के साथ-साथ अच्छी सुगंध भी होती है । टीएफ, टीआर 0.11 और 10.68 जैसे कंट्रोल के साथ-साथ विभिन्न क्लोनों की तैयार चाय के जैव-रासायनिक विश्लेषण के परिणाम C114 में पाए जाते हैं और क्लोन C114 की पैदावार के आंकड़े कंट्रोल की तुलना में अधिक पाये गए हैं। यदि इसमें उच्च गुणवत्ता भी संयोजित हो जाए , तो यह एक योग्य क्लोन का एक सकारात्मक संकेत है। जैसे कि परियोजना का उद्देश्य उत्पादकता, गुणवत्ता और तनाव सहिष्णुता के लिए नए क्लोन विकसित करना है, इसलिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि अध्ययन के तहत प्रमुख अभिवृद्धि तनाव सहिष्णु हैं या नहीं (कंट्रोलों की तुलना में)। दार्जिलिंग पहाड़ी क्षेत्रों में सबसे महत्वपूर्ण तनाव मापदंडों में शुष्कता तनाव भी एक मापदंड है। इसलिए अध्ययन के दौरान प्रमुख अभिवृधियों की शुष्कता प्रतिरोधी क्षमता का पता लगाने के लिए पत्ती के मोम तत्व और प्रोलिन तत्व का मूल्यांकन करने की योजना बनाई गई है। पत्ती के मोम तत्व के अध्ययन में एवी2 एवं पी312 की तुलना में छह सबसे प्रमुख अभिवृधियों में उच्च मोम तत्व को दर्शाते हैं। चार अंक मापनी जैसे कि 1. - चमकीले लाल भूरे (तेज किण्वक) के रूप में इस्तेमाल किया गया; 2. - धुंधला भूरा (मध्यम किण्वक); 3. - हरा-भरा रंग (खराब किण्वक); 4. - हरा (गैर-किण्वक) , का प्रयोग करते हुए क्लोरोफॉर्म में डुबोने के चार घंटे के बाद पत्ती के रंग में परिवर्तन के आधार पर किण्वन क्षमता दर्ज किया गया। अध्ययन में छह प्रमुख अभिवृधियों (99 / 14,114 / 14, 104/14, 84/15, 94/15, 98/14) ने द्रुत किण्वन दिखाया गया है , जो वांछनीय है।
- रोहिणी चाय इस्टेट के दीर्घ अवधि परीक्षण (एलटीटी) में बैंगनी चाय के डीयूएस (विशिष्टता, एकरूपता और स्थिरता) लक्षण – वर्णन , परिधि , ऊंचाई, शाखाओं की संख्या, कीट और रोग संक्रमण, शुष्कता सहिष्णुता, पैदावार , ओरगेनोलेप्टिक और जैव रासायनिक लक्षणों का परीक्षण किया गया था। बैंगनी चाय से बने चाय के जैव-रासायनिक विश्लेषण के परिणामों का मूल्यांकन किया गया, जहां बैंगनी चाय में टीएफ, टीआर 0.11 और 12.98 पाया गया। आगे की मूल्यांकन को जारी रखा जा रहा है और यह फिजियोलॉजिकल मानकों जैसे कि वाष्पोत्सर्जन, शुद्ध प्रकाश संश्लेषण, रंध्री चालकता, जल उपयोग क्षमता जैसे कि वीएफसी, कैफीन, क्लोरोफिल, एंथोसायनिन तत्व , प्रोलाइन, ग्लाइसिन बिटेन का शुष्कता मूल्यांकन जैसे अन्य महत्वपूर्ण जैव-रासायनिक मापदंडों को दर्ज करना प्रस्तावित है।
- विभिन्न संकरण संयोजन (B157XAV2, B668XN DEVI, B157XB668, T78XP312, P312XT135, T135XB157, B157XP312, T78XGOLKUNDA, T135XAV2) का पुष्प (फ्लोरल) अध्ययन किया गया। प्रयोग के दौरान यह देखा गया कि पुष्पों का आकार एन देवी में सबसे अधिक है और सबसे छोटा टी78 है। सभी में 5 गहरे हरे रंग के पंखुड़ी हैं। सबसे अधिक पंखुड़ी की गिनती यानी 8 पंखुड़ियों को बी-668 में देखा गया है , जबकि अन्य में पंखुड़ियों की संख्या 06 है। बी-668 और टी 135 में परागकोष का रंग हल्का पीला होता है , लेकिन अन्य में पीले रंग का परागकोष होता है। यह देखा गया कि सभी क्लोनों के पुष्पों में समान प्रकार के गर्भ केशर का सिरा (स्टिग्मा) होते हैं। एक और गिनती AV2 & B157 में सबसे अधिक और T135 में सबसे कम है। सभी संयोजनों में पुष्पण का काल लगभग समान होता है, लेकिन गोलकुंडा X T78 के संयोजन में, गोलकुंडा का पुष्पण T78 से थोड़ा पहले होता है। इसके अलावा, विभिन्न प्रयोग की रिकॉर्डिंग जारी रखी जा रही है।
- डीटीआरडीसी , केसल्टन चाय इस्टेट एवं रोहिणी चाय इस्टेट के विभिन्न दीर्घ अवधि परीक्षण (एलटीटी) प्लॉट से ग्रीन लीफ के नमूने एकत्रित किए गए और डीएनए पृथक्करण एवं आनुवंशिक

विविधता को जानने तथा प्रमुख प्रायोगिक चाय क्लोनों (टेस्ट टी क्लोन) में महत्वपूर्ण लक्षणों के लिए जिम्मेदार जीन की पहचान करने के लिए आईसीएआर – एनआरसीपीबी , नई दिल्ली में भेजे गए ।

- विभिन्न परीक्षण प्लॉटों से डीयूएस लक्षण, मोरफोलॉजिकल , ऑर्गेनोलेप्टिक , जैव-रासायनिक एवं अन्य मापदंड दर्ज किए गए थे ।
- वर्तमान में पुरानी जाटों के गुणवत्ता वाले अनुभाग से बीज का उत्पादन करने के लिए दार्जिलिंग के विभिन्न चाय इस्टेट में इसके आस-पास (इन सीटू) 4 संरक्षण प्लॉट (सीड बारी) स्थापित की गई है। नतीजतन, डीटीआरडीसी , टुमसुंग चाय एस्टेट के सीटू संरक्षण भूखंडों से उत्पन्न पौधों का क्षेत्र मूल्यांकन आगे की मूल्यांकन के लिए जारी है। सीटू संरक्षण भूखंडों में नव स्थापित प्लॉट के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन जारी है।

<u>(d). आईएचबीटी , पालमपुर</u>

(i). परियोजना का नाम : चाय की पत्ती तुड़ाई (हार्वेस्टिंग) के लिए मशीनों का विकास और कृषि पद्धतियों का मशीनीकरण।

- परिणामों से पता चला है कि विभिन्न उर्वरकों के प्रयोग में हाथ से प्लकिंग की तुलना में प्लकिंग के यांत्रिक तरीकों से थोड़ी अधिक पैदावार थी । प्लकिंग के विभिन्न तरीकों के मामलों में , उर्वरक स्तर 120: 90: 120 (F2) ने अन्य संयोजनों की तुलना में अधिक उपज दर्ज की ।
- लीफ ग्रेड या पत्ती की महीनता सभी यांत्रिक विधियों से काफी कम हो गई थी। हालांकि, हाथ की कैंची से यह कमी अपेक्षाकृत कम थी। यह भी देखा गया कि उर्वरक का परिमाण बढ़ने से पत्ती की महीनता धीरे-धीरे कम होती गई। उर्वरक स्तर 90:90:90 ने अन्य संयोजनों की तुलना में पत्ती ग्रेड का उच्चतर मान दिखाया।
- इस साल चेन्नई स्थित कंपनी, मैसर्स इग्निशन प्रोडक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विपणन किए गए “माइक्रोलाइट हार्वेस्टर” (वजन ~ 2.4 किग्रा, एकल पुरुष संचालित , जब चार्ज पूरा हो तो 4 घंटे तक बैटरी संचालित) एक बैटरी चालित मशीन का भी प्रयोग किया गया ।

य फार्म मशीनीकरण के विभिन्न पहलुओं पर कुल 20
किसानों के चाय बागानों के साथ-साथ संस्थान के
स्किफिंग, रिजूविनेशन प्रूनिंग सहित प्रूनिंग, बरमा (एक
ई वॉल्यूम और इलेक्ट्रिक स्प्रेयर, घांस - निराई आदि के

त्र के न्यूनतम आकार के साथ चाय बागान निदर्शनी
कता, गुणवत्ता और जैविक तथा अजैविक तनाव के प्रति
रोपण गया था ।

नाव सहिष्णुता के लिए प्रजनन के पारंपरिक और गैर-
कास ।

- प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और परीक्षण के लिए, चाय
प्रदर्शनी आयोजित किए गए, जिसके तहत
प्रयोगात्मक बागानों में यांत्रिक चाय प्लकिंग,
छेदन यंत्र) की सहायता से चाय पौध रोपण, हा
निदर्शन आयोजित किये गए थे।
- राज्य के 5 स्थानों पर नए 600 वर्ग मीटर क्ष
प्लाट की स्थापना की गई, जिनमें उच्च उत्पादक
प्रतिरोध वाली बेहतर किस्मों के 600 पौधों का

(ii). परियोजना का नाम : उत्पादकता**,** गुणवत्ता और त
पारंपरिक तरीकों का एकीकरण द्वारा नए क्लोन का विक

- उपज, गुणवत्ता और ब्लिस्टर ब्लाइट प्रतिरोध को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चीनी संकर चाय के जीन परूप की बेहतरी के लिए चालू अंतर – वैविध्य संकरण कार्यक्रम के तहत छः संकरण संयोजन को लेकर सात पैतृक प्ररूप के बीच संकर किया गया था ।
- पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के विभिन्न चाय बागानों में मौजूदा आबादी के बीच विभिन्न प्रकार की उत्पत्ति और आनुवंशिक विविधता को दर्शाते हुए आणविक लक्षण-वर्णन डेटा से उच्च स्तर की आनुवंशिक वैविध्य प्राप्त की गई थी। अपने बागान के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए बागान में अनुवर्ती रोपण के लिए दुस्साध्य पौधों आका देख-रेख किया जा रहा है।
- पांच जीन प्ररूप (पीटी -5, पीटी-7, पीटी-9, पीटी -12 और पीटी -17) के 14 पौधे उगाए गए। चयनित बैंगनी चाय के जीन प्ररूप में, पीटी -7 ने अप्रैल के दौरान 1.98% और मई महीने के दौरान 2.00% और पीटी-8 ने क्रमशः अप्रैल और मई महीने के दौरान 2.38% और 2.36% की एंथोसायन तत्व दिखाई। जबकि, पीटी-8 ने अप्रैल महीने (17.55) के दौरान टीपीसी की उच्च तत्व भी दिखाई। इसलिए, अन्य बैंगनी चाय क्लोन की तुलना में उच्च कुल फेनोलिक तत्व और उच्च एंथोसायनिन तत्व के साथ पीटी -8 का उपयोग संभावित नए बैंगनी चाय क्लोन के रूप में किया जा सकता है।
- बागानी परिस्थितियों (रोपण के तीसरे वर्ष) के तहत रोपे गए विभिन्न एफ 1 संततियों की वर्तमान में आकारिकीय(मोरफोलॉजिकल) आधार पर उनके प्रारंभिक विकास और मजबूती के लिए पौधे की ऊंचाई (एम), शाखाओं की संख्या , शाखाओं की लंबाई (मिमी) , पत्ती की लंबाई (सेमी) , पत्ती की चौड़ाई (सेमी) , दो गाँठ के बीच स्थित तना अर्थात पोर (इंटरलोड) की लंबाई (सेमी) , पौधे के फैलाव (मीटर में व्यास की लंबाई) के संबंध में लक्षणों का वर्णन किया जा रहा हैं। कुल पॉलीफेनोल तत्व के प्रारंभिक रुझानों के आधार पर , क्लोन 14-3-5, 14-7-15, 3-8-3, 9-9-4, 1-8-1, 03-6, 03-55, 03-70, 03-104 ने अध्ययन किए गए अन्य क्लोनों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर, रोग प्रतिरोध, मोरफोलॉजिकल लक्षणों और गुणवत्ता विशेषताओं के आधार पर, क्लोन 03-6, 03-55, 03-70 एवं 03-104 बेहतर पाए गए और ये व्यावसायिक उपयोग की क्षमता रखते हैं।

<u>नियामक मुद्दा :</u>

विनियामक शोध के क्षेत्र में टी बोर्ड व्यापार के तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) के मुद्दों एवं कारणों, सेनेटरी तथा फाइटोल सैनिटरी (एसपीएस) के मुद्दों तथा खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता से संबंधित मुद्दों को देखता है , ताकि भारतीय चाय के घरेलू खपत और निर्यात दोनों को बढ़ाया जा सके ।

- 1/4/2019 से 31/03/2020 की अवधि के दौरान, एपीजे एसएलजी द्वारा विभिन्न प्रान्तों से प्राप्त कीटनाशकों के अवशेषों से संबंधित भेजे गए 41 एसपीएस टीबीटी की अधिसूचनाओं का विश्लेषण किया गया था एवं एपीजे एसएलजी कार्यालय को आवश्यक उत्तर भेजे गए थे।
- चाय में कुछ कीटनाशकों के संशोधन और उनके उचित न्यनतम अवशिष्ट सीमा (एमआरएल) के निर्धारण के लिए एफ़एसएसएआई के साथ आवश्यक पत्राचार किए गए थे।

<u>बैठकें और कार्यशालाएं :</u>

पौध संरक्षण कोड (पीपीसी) पर गठित तकनीकी समूह की 12वीं बैठक 5 जुलाई , 2019 को गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला(क्यूसीएल) , सिलीगुड़ी में आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं

कृषक कल्याण मंत्रालय के तकनीकी विशेषज्ञों , विभिन्न चाय संघ के प्रतिनिधियों और टी बोर्ड के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में एफएसएसएआई द्वारा चाय में क्विनालफोस सहित कई पीपीएफ के उचित एमआरएल के निर्धारण संबन्धित विभिन्न मुद्दों, पीपीसी में मौजूदा पीपीएफ की समीक्षा और भारतीय चाय के लिए सुक्ष्मजीवी मानकों आदि पर चर्चा की गई। सीआईबीआरसी द्वारा अनुमोदित एक नए कीटनाशक को पीपीसी के 11वें संस्करण में शामिल किया गया और उद्योग के लिए जारी किया गया।

23 अप्रैल, 2019 को पोखरियाबॉन्ग, दार्जिलिंग में लघु चाय उत्पादकों के लिए डीटीआरडीसी द्वारा प्रारम्भिक मौसम में कृषि पद्धति (अर्ली वेदर प्रैक्टिस) एवं कीट प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डीटीआरडीसी के टी बोर्ड के अधिकारियों ने भाग लिया। बागान निदर्शन के बाद पौध संरक्षण कोड (पीपीसी) सहित चाय की पत्तियों और कीट प्रबंधन के संबंध में दो तकनीकी चर्चाएँ की गईं ।

"दार्जिलिंग और असम चाय की वृद्धि और उत्पादकता में सुधार के लिए सूक्ष्मजीवी इनोक्युलंट्स के विकास" पर जैव उत्पाद परियोजना के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गयी । यह एक संगठित कार्यशाला था , जिसे लघु चाय उत्पादकों के लिए जैविक चाय की खेती के लिए जैव उत्पादों के उपयोग पर आयोजित की गयी थी ।

रिपोर्टाधीन अनुसंधान और विकास गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से मार्च, 2020 में टीआरएलसी की बैठक आयोजित की गई थी।

पीपीसी बैठक से सम्बंधित कुछ फोटोग्राफ

पीपीसी बैठक से सम्बंधित कुछ फोटोग्राफ

अध्याय - 6

चाय संवर्धन

परिचय :

टी बोर्ड के प्रमुख कार्यों में से एक संवर्धनात्मक क्रियाकलापें संचालित करना भी है , जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत को गुणवत्ता चाय का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनाना है । भारतीय चायों के अनेक क़िस्मों एवं श्रेणियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु चाय संवर्धनात्मक क्रियाकलापों में इस लक्ष्य के साथ तेजी लायी गयी है कि लक्षित बाज़ारों में भारतीय चायों की हिस्सेदारी बढ़े एवं साथ ही साथ घरेलू खपत में भी वृद्धि हो । चयनित देशों में केन्द्रित ध्यान दिया गया था , जहाँ पर निर्यात को बढ़ावा देने हेतु ज्यादा संभावनाएँ हैं । निर्यात तथा विदेश में भारतीय ब्राण्डों के विपणन को बढ़ावा देने हेतु भारतीय निर्यातकों को भी सभी संभव सुविधा मुहैया कराई गयी थी ।

2019-20 के दौरान भारत से चाय निर्यात की समीक्षा

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान निर्यात की गई चाय की कुल मात्रा 241.34 मिलियन किलोग्राम था , जिसका मूल्य रु. 5457.10 करोड़ था । यह 13.16 मिलियन किलोग्राम (-5.17%) की मात्रा में कमी को दर्शाता है। 2019-20 में इकाई मूल्य प्राप्ति में 9.73 रुपये / किलोग्राम की वृद्धि हुई थी।

संक्षिप्त में तुलनात्मक स्थिति नीचे दी गयी है :

वर्ष	मि में .किग्रा . परिमाण	करोड़ रुपए में मूल्य	मि. यूएसडी में मूल्य	रु../किग्रा. में इकाई मूल्य	$./किग्रा. में इकाई मूल्य
2019-20	241.34	5457.10	768.93	226.11	3.19
2018-19	254.50	5506.84	787.50	216.38	3.09
2017-18	257.57	5064.88	785.92	197.41	3.06

निम्नलिखित देशों में निर्यात में वृद्धि देखी गयी थी :

- ईरान में 5.84 मिलियन किग्रा. (14%)
- चीन में 2.14 मिलियन किग्रा. (20.32%)
- सऊदी अरब में 1.82 किग्रा. (42.52 %)
- अफगानिस्तान में 1.61 किग्रा. (287.50 %)
- जापान में 1.46 किग्रा. (39.14%)
- संयुक्त राज्य अमेरिका में 1.21 किग्रा. (10.72 %)

2019-20 के दौरान संवर्धनात्मक कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण

2019-20 के दौरान, टी बोर्ड ने विभिन्न प्रकार संवर्धनात्मक कार्यकलापों को संचालित किया है , जैसे कि महत्वपूर्ण व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में बोर्ड की भागीदारी को व्यवस्थित करना, चाय व्यापार के साथ संपर्क कार्य को बनाए रखना, ईरान, जापान , संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों के लिए गुणवत्ता और सुरक्षा नियमों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को देखना , रूस , कजाखस्तान , ईरान , मिस्त्र , संयुक्त राज्य अमेरिका , जर्मनी , जापान , संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के प्रमुख बाज़ारों में भारतीय चाय के मांग एवं बाजार भागेदारी में वृद्धि के उद्देश्य से चाय निर्यात के साथ-साथ विस्तृत बाजार एवं व्यापार संबन्धित सूचनाओं में हुए प्रगति को टी बोर्ड द्वारा विदेश में अवस्थित अपनी मास्को कार्यालय तथा मुख्यालय के माध्यम से चाय उद्योग को अवगत कराते रहना है । अन्य कार्यकलापों में बाजार विश्लेषण शामिल है, जो भारतीय चाय की छवि को बनाए रखने के लिए और टी बोर्ड भारत के प्रति सकारात्मक तरीके से जनता के रवैये को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रचार कार्यक्रम संचालित करना है। ट्विटर, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया के माध्यम से निरंतर अभियान भारतीय चाय और इसकी विविधताओं के बारे में युवाओं सहित उपभोक्ताओं को जागरूक करने में भी बहुत प्रभावी सिद्ध हुआ है।

भारतीय चाय के विशेषता एवं विलक्षणता को निरंतर आने वाले आगुन्तकों के बीच प्रचार - प्रसार करने के उद्देश्य से खरीदारों और विक्रेताओं के बीच दोतरफा आदान-प्रदान को सम्पन्न करने हेतु 2019-20 के दौरान टी बोर्ड ने तीन (3) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लिया । इसके अलावा , 2019-20 के दौरान टी बोर्ड भारत ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित अठारह (18) देशी व्यापार मेलों में भाग लिया।

2018-19 के दौरान प्रमुख मदों पर किए गए व्ययों का संक्षिप्त ब्यौरा विस्तृत विवरण सहित नीचे दिया गया है :

2019-20 के दौरान किए गए व्यय

(करोड़ रुपए में)

प्रमुख मद	2019-20	2018-19
देशी संवर्धन	2.03	1.02
विदेशी संवर्धन	1.90	3.97
वाणिज्य संबन्धित कार्यकलाप	0.19	1.31
निर्यातकों/संघों को प्रोत्साहन	3.07	4.23
संवर्धन	0.81	0.8
ई-प्रशासन	0.25	0.68
विविध	0.24	1.66
कुल	8.49	13.67

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान टी बोर्ड द्वारा संचालित संवर्धनात्मक कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण :

अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	अवधि
1.	प्रोडेक्स्पो , मास्को 2020	10 से 14 फरवरी 2020
2.	गल्फफूड दुबई	16 से 20 फरवरी 2020
3.	थाईलैंड कॉफी , टी एंड ड्रिंक्स	27 फरवरी से 1 मार्च 2020

देशी कार्यक्रम

क्र . .सं	कार्यक्रम का नाम	अवधि
1.	युवा चाय उद्यमी सम्मेलन , कोलकाता	25 अप्रैल , 2019
2.	भारतीय चाय का संवर्धनात्मक कार्यक्रम , सिलीगुड़ी	15 से 16 जून , 2020
3.	उज्जवल , हिमाचल प्रदेश	12 से 14 जुलाई , 2019
4.	खाद्य एवं तकनीकी एक्स्पो , नई दिल्ली	1 से 3 अगस्त, 2019
5.	16वें कृषि +खाद्य एवं पेय प्रसंस्करण एक्स्पो, गोवा	1 से 3 अगस्त , 2019
6.	अन्नपूर्णा - अनुफूड इंडिया 2019 , मुंबई	29 से 31 अगस्त 2019
7	मुंबई टी सेंटर का नवीकरण एवं पुनः शुभारंभ	14 सितंबर , 2019
8	गूडरिक टीपॉट , कोलकाता का उद्घाटन	8 सितंबर , 2019
9	कूनूर में आयोजित उपासी औद्योगिक प्रदर्शनी	13 से 14 सितंबर , 2019
10	अखिल भारतीय रूसी प्रवासी सम्मेलन में भारतीय चाय का संवर्धन	अक्टूबर , 2019 का पहला सप्ताह
11	विरासत महोत्सव , देहरादून	11 से 25 अक्टूबर , 2019
12	असम चाय जागरूकता अभियान	21 अक्टूबर , 2019
13	बैंगलोर में भारतीय चाय आस्वादन एवं प्रशंसा सत्र	24 अक्टूबर , 2019

019		
2019		
2019		

14	बायोफ़ाक इंडिया , 2019, नोएडा	7 से 9 नवंबर , 20
15	उत्तर पूर्व महोत्सव , नई दिल्ली	8 से 10 नवंबर , 2
16	कोलकाता में रूसी प्रवासी भारतीयों के लिए भारतीय चाय आस्वादन और चाय प्रशंसा सत्र	12 नवंबर , 2019
17	7वें वर्ल्ड टी कॉफी एक्स्पो 2019, गोरेगांव , मुंबई	21 से 23 नवंबर ,

18	फूड फूड अवार्ड्स	26 नवंबर , 2019
19	उत्तर पूर्व खाद्य प्रदर्शनी, शिलोंग, मेघालय	4 से 6 नवंबर , 2019
20	नीलगिरी जिला में चाय संवर्धन अभियान	9 दिसंबर , 2019
21	इंडियन टी एप्रिसिएशन फ़ेस्ट , कोलकाता	25 दिसंबर , 2019
22	इंडसफूड 2020 का 3री संस्करण , ग्रेटर नोएडा	8 से 9 जनवरी , 2020
23	जलिंगा टी रन , सिल्चर , असम	14 से 15 जनवरी , 2020
24	75वीं द्विवार्षिक असम साहित्य सभा, असम के स्यालकुची में	31 जनवरी 2020 से 4 फरवरी , 2020
25	कोलकाता में बसे जापानी प्रवासी भारतीयों के लिए भारतीय चाय आस्वादन और प्रशंसा सत्र का आयोजन किया गया	31 जनवरी , 2020
26	"फूडका" के माध्यम से चाय संवर्धन	
27	जापान भारत सहयोग एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी , हिमाचल प्रदेश	10 फरवरी , 2020
28	' रन फॉर इंडिया टी' अगरतला	19 फरवरी , 2020
29	ऊटी बॉटनिकल गार्डन के पास स्पेशलिटी टी बुटीक का उद्घाटन	20 फरवरी , 2020
30	टी कैफे ऑन व्हील्स, आसनसोल, पश्चिम बंगाल	26 फरवरी , 2020
31	मंडी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेला	22 फरवरी , 2020
32	असम चाय संवर्धन अभियान, ओडिशा	29 फरवरी से 6 मार्च,2020

अप्रैल 2019

कोलकाता में 25 अप्रैल , 2019 को आयोजित युवा चाय उद्यमी सम्मेलन (यंग टी आंट्रप्रेनर्स मीट)

टी बोर्ड भारत ने निर्यात और घरेलू उपभोग बढ़ाने और भारतीय चाय की गुणवत्ता में सुधार के लिए योजना पर चर्चा करने के लिए 25 अप्रैल , 2019 को कोलकाता में एक युवा चाय उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया।

चाय उद्योग के सफल युवा उद्यमियों ने प्रासंगिक विषयों पर विचार-विमर्श करने और भारतीय चाय उद्योग के हालिया पहलुओं में अंतर्दृष्टि देने के लिए सम्मेलन में भाग लिया। यह बैठक मुख्य रूप से इन उद्यमियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चाय के कारोबार और गुणवत्ता के मान में वृद्धि के लिए थी।

बैठक में श्री अमुलेक सिंह बिजराल , चाई पॉइंट के संस्थापक और सीईओ, श्री कौशल दुगर, टीबॉक्स के संस्थापक और सीईओ, श्री उदित गुप्ता, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के प्रमुख, श्री उदित गुप्ता जैसे प्रतिष्ठित और सफल चाय उद्यमियों ने बैठक में अपनी बात रखी।

'चाय व्यापार में महिला उद्यमिता' के लिए समर्पित एक विशेष सत्र भी बैठक का मुख्य आकर्षण था , जहां असम चाय बागान मालिक संघ के अध्यक्ष डॉ. नाज़राना अहमद, ग्लेनबर्न चाय के सह-मालिक श्रीमती हुस्ना तारा प्रकाश , श्रीमती राखी दत्ता सैकिया, आरिन चाय प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जैसे वक्ताओं ने प्रासंगिक मुद्दों पर बात की।

बैठक में बोलते हुए, चाई पॉइंट के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री अमुलेक सिंह बिजराल ने कहा कि मुख्य व्यवसाय को बनाए रखने के लिए बागानों से अच्छी गुणवत्ता वाली चाय प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। ग्राहक तेजी से चाय, इसकी उत्पत्ति और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक हो रहे हैं। इसलिए, ट्रैसेबिलिटी और न्यूनतम अवशिष्ट सीमा (एमआरएल) का अनुपालन बहुत महत्वपूर्ण है। चाय के व्यवसाय को तेजी से बदलती जीवनशैली से जोड़ना होगा। ग्राहक अब बहुत कम समय में चाय चाहते हैं।

टीबॉक्स के संस्थापक और सीईओ, श्री कौशल दुगर ने कहा कि भारतीय चाय की छवि को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में सुदृढ़ किया जाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय चाय की वास्तविक क्षमताओं का अभी भी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं किया गया है। इस संभावनाओं का पूरी तरह से पता लगाने के लिए केंद्रित विपणन प्रयास किए जाने चाहिए। श्री दुगर के अनुसार, स्टोर स्थापित करना एक महंगा विकल्प है , परंतु इंटरनेट के माध्यम से मार्केटिंग बहुत सस्ती है। उनकी कंपनी की व्यावसायिक रणनीति के तहत उपभोक्ता को ऑफ़लाइन लक्षित करना है , फिर उसे दूसरे और बाद के ऑफ़र के लिए ऑनलाइन आने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने आगे कहा कि यदि आपूर्ति श्रृंखला महीनों से दिनों तक में कम की जा सकती है , तो भारतीय चाय के ब्रांड का विश्व स्तर पर प्रशंसा की जाएगी।

डॉ. नजराना अहमद ने कहा कि चाय बागानों में कार्यरत कर्मचारियों में 60% से अधिक महिलाएं कर्मचारी शामिल हैं , और इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित मुद्दों पर जोर देने की अधिक आवश्यकता है। ग्लेनबर्न टी एस्टेट के सह-मालिक श्रीमती हुस्ना तारा प्रकाश ने अपनी व्यावसायिक यात्रा को दोहरायी कि उन्होंने किस प्रकार ग्लेनबर्न टी एस्टेट में आगंतुकों को रहने के लिए अत्यधिक व्यक्तिगत अनुभव को पेशकश करते हुए एक सफल व्यवसाय मॉडल की स्थापना की । श्रीमती राखी दत्ता सैकिया, निदेशक , एरिन टी प्राइवेट लिमिटेड , ने जैविक हस्तनिर्मित चाय के उत्पादन किए जाने की आवश्यकता पर जोर दी और और कही कि चाय उद्योग का भविष्य जैविक उत्पादन करने में ही निहित है।

जून 2019

सिलिगुड़ी, पश्चिम बंगाल के एक प्रमुख मॉल में भारतीय चाय के प्रीमियम ग्रेड पर बी(क्रेता) 2 सी(उपभोक्ता) प्रचार कार्यक्रम

टी बोर्ड इंडिया ने सिलिगुड़ी, पश्चिम बंगाल के सिटी सेंटर मॉल में 15 और 16 जून , 2019 को दो स्थानीय सिलिगुड़ी स्थित चाय विक्रेताओं , "चाय चुन" और "नववायद चाय" के सहयोग से भारतीय चाय के प्रीमियम ग्रेड पर बी (क्रेता) 2 सी(उपभोक्ता) प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया । भारतीय चाय की प्रीमियम किस्में जैसे दार्जिलिंग की पहली फ्लश, असम ऑर्थोडॉक्स की दूसरी फ्लश, व्हाइट टी, ऊलोंग टी, ग्रीन चाय के साथ-साथ चाय की नई और अभिनव स्वाद वाली किस्में जैसे कि दार्जिलिंग रोज टी, कैमोमाइल मिंट दालचीनी ग्रीन टी, असम लैवेंडर ब्लैक टी इत्यादि को कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया और नमूना प्रदर्शन किया गया। जैसा कि यह सप्ताहांत के दौरान आयोजित किया गया था , दोनों स्टॉल पर आगुन्तकों की बड़ी भीड़ उपस्थित हुई थी एवं चाय के शौकीनों की एक सतत प्रवाह ने दोनों स्टालों को लगातार रोमांचित किया। लोगों को चाय की इन विलाशी किस्मों से परिचित कराया गया और उन्हें कम कीमत पर अभिनव स्वादों वाली चाय की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम से आम जनता में बहुत रुचि पैदा हुई , क्योंकि उन्हें भारतीय चाय के इन रोमांचक मिश्रणों के बारे में पता चला और उन सभी को नए स्वादों के आकर्षक क़िस्मों से सुखद आश्चर्य हुआ , जिसे उनके बहुत ही परिचित भारतीय चाय से बनाए गए थे।

जुलाई , 2019

उज्जवल हिमाचल प्रदेश में टी बोर्ड की भागीदारी

हिमाचल प्रदेश में टी बोर्ड भारत ने 12 वर्गमीटर
ाय पर विभिन्न प्रचार साहित्य, पर्चे और विवरण-
के लिए कांगड़ा चाय पर एक प्रश्नोत्तरी सत्र भी
म के दौरान टी बोर्ड भारत के स्टाल पर अपनी

चंबा में 12-14 जुलाई , 2019 के दौरान आयोजित उज्जवल
का स्टाल लगा कर भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान कांगड़ा च
पुस्तिका वितरित किए गए। आयोजन के दौरान स्कूली छात्रों
आयोजित किया गया था। कुछ स्वयं सेवी संगठनों ने कार्यक्र
हस्तनिर्मित चाय प्रदर्शित की।

9 के दौरान आयोजित खाद्य व तकनीक एक्स्पो

एक्सपो में 9 मीटर एक स्टाल लगा कर भाग
य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार ,
व्यक्ति थे :

मंत्री , भारत सरकार ।
भारत सरकार ।
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ।

अगस्त , 2019

**प्रगति मैदान , नई दिल्ली में 1 अगस्त से 3 अगस्त , 201
में टी बोर्ड की भागीदारी ।**

टी बोर्ड ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में खाद्य व तकनीक
लिया । एक्सपो का उद्घाटन श्री रामेश्वर तेली, माननीय खाद
द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी में आने वाले अन्य गणमान्य व

श्री रामदास अठावले , माननीय कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार ।
श्री कैलाश चौधरी , माननीय कृषि और कृषक कल्याण राज्य म
श्री सोम प्रकाश , माननीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री, भ
श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार ,

श्री अतुल बोरा , माननीय कृषि राज्य मंत्री, असम सरकार ।
डॉ. के. बिछुआ , माननीय कृषि राज्य मंत्री, मिज़ोरम सरकार ।
श्री संदीप गिल , आईपीएस, डीजी, दिल्ली जेल ।
श्री विजय भास्कर ,अपर निजी सहायक (एपीएस) , माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, भारत सरकार ।

केंद्रीय मंत्रियों के साथ-साथ राज्य मंत्रियों ने टी बोर्ड के स्टाल का दौरा किया और भारतीय चाय की उत्तम गुणवत्ता और विविधता की सराहना की। हर तरह के दर्शकों ने भी स्टाल का दौरा किया और भारतीय चाय विशेष रूप से दार्जिलिंग और असम चाय में अपनी गहरी रुचि दिखाई, जो पूरे भारत और विदेशों में भी अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं।

विभिन्न राज्यों के लोगों और उद्यमियों ने भारतीय चाय और भारत में उत्पादित चाय की अन्य किस्मों के बारे में पूछताछ की । आगंतुकों द्वारा व्यापार से संबंधित जानकारी भी मांगी गई थी। उन्हें घरेलू बाजार के साथ - साथ विदेशी बाजार में सभी व्यापारिक संभावनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

चाय के प्रचार गतिविधियों के तहत प्रतिष्ठित आगंतुकों और सरकार के गणमान्य व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की चाय परोसी गई एवं चाय की एक अच्छी कप बनाने की विधि भी दिखाई गयी । भारतीय चाय पर ऑडियो-विजुअल प्रचार के अलावा बोर्ड के मुद्रित पर्चे और अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से टी बोर्ड के अधिकारियों द्वारा भारतीय चाय पर जानकारी उपलब्ध कराई गई थी।

<u>टी बोर्ड की 16वीं कृषि व खाद्य तथा पेय प्रसंस्करण एक्सपो , 2019 में भागीदारी</u>

टी बोर्ड ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम, गोवा में 1 से 3 अगस्त 2019 के दौरान आयोजित 16वें कृषि व खाद्य तथा पेय प्रसंस्करण एक्सपो , 2019 में 9 वर्ग मीटर का एक स्टाल लगाकर भाग लिया।
श्री रामेश्वर तेली, माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार , ने और महामहिम रोज़ेट मोसी न्यामले, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के भारत में पदस्थ राजदूत, श्री मनोज काकुलो, अध्यक्ष , गोवा चेंबर ऑफ कॉमर्स , उद्योग व कृषि के साथ उद्घाटन किया।

कई निर्यातक, वितरक, चाय के निर्माता और चाय क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों ने बोर्ड के स्टाल का दौरा किया था। आगंतुकों को टी बोर्ड की भूमिका समझाई गई है। टी बोर्ड के लोगो , चाय के पोस्टर और दार्जिलिंग, असम ऑर्थोडॉक्स, असम सीटीसी, नीलगिरि ऑर्थोडॉक्स, मसाला चाय जैसे विभिन्न किस्मों के चाय प्रदर्शित किए गए। आगंतुकों को चाय-पुस्तिका और चाय-चित्र पोस्टकार्ड बांटे गए। गणमान्य लोगों को चाय की केडी भेंट की गई ।

<u>बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, गोरेगांव, मुंबई में 29 अगस्त से 31 अगस्त 2019 के दौरान आयोजित 'अन्नपूर्णा - अनुफूड इंडिया 2019 प्रदर्शनी में टी बोर्ड की भागीदारी</u>

टी बोर्ड इंडिया ने बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, गोरेगांव, मुंबई में 29 अगस्त से 31 अगस्त 2019 के दौरान आयोजित 'अन्नपूर्णा - अनुफूड इंडिया 2019 प्रदर्शनी में भाग लिया ।

श्री रामेश्वर तेली, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, श्रीमती रीमा प्रकाश, संयुक्त सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, और डॉ. संगीता रेड्डी, संयुक्त प्रबंध निदेशक, अपोलो हॉस्पिटल्स ने एक्सपो का उद्घाटन किया।

भारतीय चाय के विभिन्न क़िस्मों के टी बोर्ड के लोगो एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए । एक्सपो के दौरान भारतीय चाय (टी मूड्स ऑफ इंडिया और दार्जिलिंग चाय) पर प्रचार फिल्में लगातार चलाई गईं। आगंतुकों को चाय-पुस्तिका और चाय-चित्र पोस्ट कार्ड बांटे गए। गणमान्य लोगों को चाय की केडी भेंट की गई ।

सितंबर 2019

मुंबई टी सेंटर का नवीकरण एवं पुनः शुभारंभ

प्रतिष्ठित टी सेंटर, जो 1960 के दशक के बाद से मुंबईवासियों के लिए एक पसंदीदा समूहिक स्थल है, को 14 सितंबर 2019 को इसके जीर्णोद्धार के बाद फिर से खोल दिया गया है। टी बोर्ड इंडिया इस टी सेंटर को 1955 से रेशम भवन, 78 वीर नरीमन रोड, चर्चगेट में चला रही थी और अब इस हेरिटेज लोकेशन पर भारतीय चाय को बढ़ावा देने के लिए एक खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से "संचालन प्रबंधन सलाहकार" (ऑपरेशनल मैनेजमेंट कंसल्टेंट) 'के रूप में गुडरिक ग्रुप लिमिटेड का चयन किया है।

आधुनिक टी लाउंज, जिसे मुंबई के बुद्धिजीवी और सेलिब्रिटी समाज द्वारा व्यापक रूप से संरक्षण दिया गया था, और इसने दुनिया के महत्वपूर्ण नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया था, जिसमें भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति श्री गमाल अब्देल नासिर भी शामिल थे, शानदार वापसी की है ।

प्रसिद्ध टी रूम, जो शहर के बुद्धिजीवी एवं कला व संस्कृति के संरक्षकों के लिए सर्वत्र आश्रयस्थल के रूप में स्वीकार किया जाता है, देश की तेज गति से उभरते हुए वाणिज्यिक राजधानी में एक सुखद जगह प्रदान करता है।

कोलकाता में प्रतिष्ठित 'गुडरिक टीपॉट - द टी रूम' का उद्घाटन

8 सितंबर 2019 को कोलकाता में टी बोर्ड इंडिया के साथ साझेदारी में गुडरिक ग्रुप लिमिटेड द्वारा प्रतिष्ठित प्रीमियम लाउंज - द टी रूम - को आरंभ किया गया।

आकर्षक निबल्स, बिस्कुटी, कुकीज़ से लेकर अन्य सभी चाय-संलग्न वस्तुओं के लिए यह टी रूम हर किसी के लिए एक स्थल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शुभारंभ में टी बोर्ड इंडिया, गुडरीक ग्रुप लिमिटेड के शीर्ष गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी के साथ-साथ प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री परनो मित्रा की उपस्थिति देखी गई। भूरे रंग की लकड़ी की मेज, उत्कृष्ट आसन के साथ-साथ, विशेष रूप से क्यूरेटेड मेनू जो विभिन्न स्वाद वाले चाय तथा चाय-संलग्न वस्तुओं से भरपूर है - यह स्थल एक पुराने विश्व आकर्षण से परिपूर्ण है और निःसन्देह चाय के शौकीनों को अपने पुराने समय में वापस ले जाएगा ।

उपासी औद्योगिक प्रदर्शनी में टी बोर्ड की भागीदारी

टी बोर्ड ने कुन्नूर में 13 से 14 सितंबर , 2019 तक आयोजित उपासी की औद्योगिक प्रदर्शनी में एक स्टाल लगाकर भाग लिया। दो दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान आगंतुकों और आम जनता के बीच तरल चाय का नमूना

पना उत्पाद और गतिविधियां को प्रदर्शित

ा प्रवासी सम्मेलन के दौरान भारतीय चाय
ासी संघ के अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम के
जित किया।

विरासत महोत्सव, देहरादून में एक स्टाल
लिया। भारतीय चाय पर प्रचार विवरण-
ा गया था। महोत्सव में भाग लेने वाले
न किया गया था, एवं भारतीय चाय पर

कता अभियान आरंभ किया गया। श्री केके
भियान का शुभारंभ किया ।

भारतीय चाय आस्वादन एवं प्रशंसा सत्र

ायोफाक इंडिया , 2019 प्रदर्शनी में भाग
नर्पित एक प्रदर्शनी है। टी बोर्ड के साथ

परोसा गया। प्रतियोगियों को निःशुल्क चाय भी प्रदान की गई। अ
करने के लिए अन्य कमोडिटी बोर्ड ने भी इस प्रदर्शनी में भाग लिया।

अक्टूबर 2019

अखिल भारतीय रूसी प्रवासी सम्मेलन में भारतीय चाय का संवर्धन

अक्टूबर के पहले सप्ताह में चेन्नई में आयोजित अखिल भारतीय रूसी
के लिए संवर्धन कार्यकलापों का आयोजन किया गया था। रूसी प्रव
दौरान भारतीय चाय का एक आस्वादन और नमूना प्रदर्शन सत्र आयोि

विरासत महोत्सव, देहरादून में टी बोर्ड की भागीदारी

टी बोर्ड इंडिया ने 11 से 25 अक्टूबर, 2019 के दौरान आयोजित
लगाकर एवं भारतीय चाय की किस्मों को प्रदर्शित करते हुए भाग
पुस्तिकाओं के वितरण के माध्यम से सूचना का प्रसारण भी किय
विभिन्न स्कूलों के छात्रों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोज
क्विज प्रश्न थे, जिससे छात्रों में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली।

असम चाय जागरूकता अभियान

21 अक्टूबर 2019 को गुवाहाटी में टी बोर्ड द्वारा असम चाय जागरूक
द्विवेदी, आयुक्त, उद्योग और वाणिज्य विभाग, असम सरकार, ने अ

बैंगलोर में भारतीय चाय आस्वादन एवं प्रशंसा सत्र

बीबीसी फूडफूड अवार्ड्स के संयोजन में 24 अक्टूबर , 2019 को एक
आयोजन किया गया।

नवम्बर 2019

बायोफाक इंडिया , 2019 प्रदर्शनी में टी बोर्ड की भागीदारी

टी बोर्ड भारत ने नोएडा में 7 से 9 नवंबर , 2019 तक आयोजित ब
लिया। बायोफाक इंडिया केवल 100% जैविक उत्पादों के लिए सम
निम्नलिखित तीन कंपनियों ने भाग लिया:

(1) जलिंगा टी कंपनी प्रा. लिमिटेड

(२) अपूर्वा ऑर्गेनिक्स लि.

(3) अमलगमेटेड प्लांटेशंस प्रा. लिमिटेड

उत्तर पूर्व महोत्सव में टी बोर्ड की भागीदारी

टी बोर्ड इंडिया ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 8 से 10 नवंबर 2019 दौरान आयोजित उत्तर पूर्व महोत्सव में भाग लिया, जिसमें स्टाल लगाकर भारतीय चाय की किस्मों को प्रदर्शित किया गया। भारतीय चाय पर प्रचार विवरण-पुस्तिका के वितरण के माध्यम से सूचना का प्रसारण भी किया गया था। उत्सव में दो लाख से अधिक लोग शामिल हुए, उत्तर पूर्व भारत के सभी 8 राज्यों का प्रतिनिधित्व किया गया। उत्तर पूर्व के राज्य सरकारों ने अपनी पर्यटन संभावनाओं और कृषि-बागवानी की एक बड़ी प्रदर्शनी प्रदर्शित किया , इस शिल्प ने उत्तर पूर्व के 100 से अधिक उद्यमियों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए देखा।

कोलकाता में रूसी प्रवासी भारतीयों के लिए भारतीय चाय आस्वादन और चाय प्रशंसा सत्र

कोलकाता के टी बोर्ड मुख्यालय में कोलकाता के रूसी प्रवासियों के लिए 12 नवंबर , 2019 को एक भारतीय चाय आस्वादन और चाय प्रशंसा सत्र आयोजित किया गया था। श्री अलेक्सी एम. इदामकिन, कोलकाता में रूसी संघ के महावाणिज्यदूत , ने अन्य रूसी गणमान्य व्यक्तियों के साथ आस्वादन और चाय प्रशंसा सत्र में भाग लिया।

7वें विश्व चाय कॉफी एक्सपो 2019 में टी बोर्ड भारत की भागीदारी

टी बोर्ड इंडिया ने बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र , गोरेगांव, मुंबई में 21 - 23 नवंबर , 2019 तक आयोजित 7 वें विश्व चाय कॉफ़ी एक्सपो 2019 में निम्नलिखित 5 चाय कंपनियों के साथ भाग लिया :

1) डालमिया टी

(2) जालानगर विकास प्रा. लिमिटेड

(3) अहिंसा केमिकल्स

(4) जलिंगा टी कंपनी (भारत) प्रा. लिमिटेड

(5) रॉ जूट ट्रेडिंग एंड इंडस्ट्रीज लि।

2019 संस्करण ने इंडोनेशिया, जापान, चीन और भारत के चाय व कॉफी ब्रांड / उत्पाद , मशीन, इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज, फ्लेवर, वेंडिंग सॉल्यूशंस, पैकेजिंग आदि प्रदर्शित करते हुए गर्म पेय क्षेत्र के सभी पहलुओं को कवर किया गया।

मुंबई में आयोजित फूडफूड अवार्ड्स में भारतीय चाय का संवर्धन

टी बोर्ड इंडिया ने फूडफूड अवार्ड्स 2019 के ग्रैंड फिनाले में भारतीय चाय का प्रदर्शन किया , जो 26 नवंबर , 2019 को मुंबई में आयोजित किया गया था। मुंबई में टी बोर्ड का टी सेंटर (जिसका क्वीन्स डेक के नाम से नामकरण किया गया है और गुडरिक ग्रुप लिमिटेड द्वारा प्रबंधित किया गया है) को सर्वश्रेष्ठ न्यू अपस्केल टी हाउस एंड कैफे पुरस्कार मिला।

दिसंबर 2019

उत्तर पूर्व खाद्य प्रदर्शनी में भागीदारी

मेघालय के शिलांग में 4 से 6 नवंबर, 2019 तक आयोजित उत्तर पूर्व खाद्य प्रदर्शनी के पहले संस्करण में टी बोर्ड भारत ने भाग लिया। टी बोर्ड के उत्तर पूर्व आंचलिक कार्यालय , गुवाहाटी , ने इस मेले / प्रदर्शनी में भाग लिया। यह कार्यक्रम मेघालय सरकार और एसआईएएल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। श्री कोनराड संगमा, मेघालय के माननीय मुख्यमंत्री और अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में टी बोर्ड के स्टाल का दौरा किया।

नीलगिरी जिले में चाय संवर्धन अभियान

टी बोर्ड के कुन्नूर आंचलिक कार्यालय द्वारा नीलगिरी जिले के ऊटी, कुन्नूर और कोटागिरी में सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के बीच जिला प्रशासन और तमिलनाडु राज्य ग्रामीण आजीविका प्रबंधन (TNSRLM) के सहयोग से 9 दिसंबर 2019 को एक चाय संवर्धन अभियान का आयोजित किया गया। । "चाय व प्रकृति" और 'चाय के स्वास्थ्य लाभ' के विषयों पर भाषण , नृत्य और नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में नौ स्कूलों के लगभग 110 छात्रों ने भाग लिया।

कोलकाता में भारतीय चाय प्रशंसा उत्सव

25 दिसंबर 2019 को कोलकाता में एक भारतीय चाय प्रशंसा उत्सव आयोजित किया गया। इस आयोजन में कुल मिलाकर 10 चाय कंपनियों ने टी बोर्ड के साथ भाग लिया। स्पेशलिटि चाय सहित विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय को चाय उद्योग द्वारा अपने कियोस्क / स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। नमूना प्रदर्शन भी किया गया। इस आयोजन में आम जनता की काफी भागीदारी हुई थी। इस कार्यक्रम के माध्यम से , टी बोर्ड भारतीय चाय की कई किस्मों की बारीकियों को काफी दर्शकों तक पहुंचाने में सक्षम था।

जनवरी 2020

टी बोर्ड की इंडस फूड 2020 में भागीदारी

टी बोर्ड इंडिया ने इंडस फूड 2020 के तीसरे संस्करण में भाग लिया , खाद्य एवं पेय प्रसंस्करण तथा पैकेजिंग प्रौद्योगिकी और मशीनरी के लिए भारत का सबसे बड़ा व्यापार-से-व्यापार (B2B) साधन व्यापार मेला , इंडिया एक्सपो मार्ट , ग्रेटर नोएडा, भारत में 8 से 9 जनवरी 2020 तक आयोजित किया गया। पांच निर्यातक - बालाजी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डन टिप्स टी कंपनी प्रा. लिमिटेड, जलिंगा टी कंपनी प्रा. लिमिटेड, गोल्डन ड्यू टी फैक्ट्री और सनशाइन टी ने टी बोर्ड इंडिया पवेलियन के माध्यम से प्रदर्शनी में भाग लिया। व्यापारिक पूछताछ की संख्या बहुत उत्साहजनक थी। ईरान, इराक, कतर, मिस्र, सउदी अरब और रूस के प्रतिनिधि टी बोर्ड के स्टॉल पर गए और भारतीय चाय आयात पर बहुत सकारात्मक चर्चा हुई थी।

जलिंगा टी रन , सिलचर , असम में टी बोर्ड की भागीदारी

टी बोर्ड भारत ने असम के सिलचर में 14-15 जनवरी, 2020 को आयोजित जलिंगा चाय रन में भाग लिया। जलिंगा टी रन (जेटीआर) मणिभाई पटेल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित की गई एक पहल है, जो चाय ईस्टेट श्रमिकों के उन्नयन एवं विकास के लिए आयोजित किया गया था ।

संवर्धन

ोजित 75वें द्विवार्षिक असम
के से भाग लिया। इस सत्र ने
भा पेश किया, जहाँ प्रतिदिन
यों, विविध प्रकार की चायों ,

ास्वादन और प्रशंसा सत्र का

टी बोर्ड भारत , कोलकाता में
र का एक चाय कार्यक्रम एवं
णिज्य दूत श्री मासायुकी तगा
व्यक्ति में मिक्की मिकिको
श्री उमेदा , महा प्रबन्धक ,
शाखा , मित्सुई एंड कंपनी
ा प्राइवेट लिमिटेड।

की अगुवाई सेलिब्रिटी रेडियो
बोर्ड भारत ने 5 एपिसोड के
ोहकता के के लिए समर्पित
ार राय , उपाध्यक्ष , टी बोर्ड
2020 को पूरे बंगाल में चाय
ुभारंभ की घोषणा की।

ौर सबसे महत्वपूर्ण खाद्य व
15 निर्यातकों के साथ इंडिया
बई में भागीदारी की।

20 में 6 प्रमुख निर्यातकों के
ों का प्रदर्शन किया। अच्छी

75वें द्विवार्षिक असम साहित्य सभा सत्र , सियालकुची , असम में "इंडिया टी" का

टी बोर्ड ने सियालकुची , असम में 31 जनवरी से 4 फरवरी , 2020 के दौरान आय
साहित्य सभा सत्र में अपनी व्यापक उपस्थिति के साथ बड़े शौक एवं शानदार तरी
असम में साहित्यिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदानों के इर्द-गिर्द सबसे बड़ी स
औसतन कम से कम 30000 आगंतुकों ने विभिन्न प्रजाति के उत्पादों , कलाकृति
स्थानीय व्यंजनों और संस्कृतियों को समझने का अवसर मिला ।

**31 जनवरी 2020 को कोलकाता में बसे प्रवासी जापानी के लिए भारतीय चाय आ
आयोजन किया गया**

टी बोर्ड ने 31 जनवरी, 2020 को भारत-जापानी मित्रता के उपलक्ष्य में टी रूम,
दोनों देशों द्वारा साझा किए गए चाय के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के लिए दोपह
भारतीय चाय आस्वादन सत्र आयोजित किया । कोलकाता में जापान के महावाणि
इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस समारोह में भाग लेने वाले अन्य गणमान्य
बोथरा ओसाका, आर्थिक सलाहकार, कोलकाता में जापान के महावाणिज्य दूत, श्
मारुबेनी इंडिया प्रा. लिमिटेड, श्री होंडा त्सुओशी, मुख्य क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकात
इंडिया प्रा. लिमिटेड और श्री साकाई शिनिचिरो , प्रबंध निदेशक, स्टील प्लांटेक इंडिय

"फ़ूडका" - टी बोर्ड इंडिया का एक संवर्धनात्मक अभियान

टी बोर्ड इंडिया से जुड़ा "फूडका" - एक लोकप्रिय बंगाली यूट्यूब चैनल है , जिस
जॉकि , मीर एवं प्रसिद्ध फूड ब्लॉगर इंद्रजीत लाहिड़ी ने किया । फूडका एवं टी
साथ एक श्रृंखला निकाली है , जो न केवल दार्जिलिंग चाय के आकर्षण एवं मनम
है, बल्कि उस क्षेत्र के पर्यटन क्षेत्र पर भी ध्यान दिया गया है । श्री अरुण कुम
भारत ने सेलिब्रिटी , आरजे मीर और फ़ूडका की पूरी टीम के साथ 27 जनवरी,
और पर्यटन पर 5 एपिसोड शामिल करते हुए फ़ूड सीजन के 5वें सीजन के भव्य श

फरवरी 2020

गल्फफूड 2020 , दुबई में टी बोर्ड भारत की भागीदारी

गल्फूड 1987 के बाद से आयोजित किया जाता है , और इस क्षेत्र की सबसे बड़ी अ
पेय, और खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में से एक है। टी बोर्ड भारत ने
टी पवेलियन के माध्यम से 16 फरवरी से 20 फरवरी, 2020 तक गल्फूड 2020, दु

प्रॉडेक्सपो 2020 में टी बोर्ड की भागीदारी

टी बोर्ड भारत ने 10 नवंबर से 14 फरवरी , 2020 तक आयोजित प्रोडेक्सपो 20
साथ भाग लिया । निर्यातकों ने प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की भारतीय चाय

गुणवत्ता वाली असम के ओर्थोडोक्स चाय , जिसकी रूस में हमेशा भारी मांग होती है , के अलावा निर्यातकों ने उच्च गुणवत्ता वाली दार्जिलिंग चाय, ग्रीन चाय, मसाला चाय, मूल्य वर्धित चाय, फ्लेवर चाय , सीटीसी चाय आदि जैसी अन्य चायों का प्रदर्शन किया, जिनके संबंध में क्रेताओं द्वारा काफी पूछताछ हुईं।

जापान भारत सहयोग एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भागीदारी

10 फरवरी 2020 को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में कृषि विभाग , हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जापान भारत सहयोग एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में टी बोर्ड भारत ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कांगड़ा चाय, हिमाचल प्रदेश की देसी चाय और कई अन्य प्रकार की भारतीय चायों का प्रदर्शन किया गया।

अगरतला, त्रिपुरा में 'रन फॉर इंडिया टी

भारतीय चाय के लिए एक प्रचार अभियान के हिस्से के रूप में, 19 फरवरी , 2020 को श्री रतन लाल नाथ, माननीय शिक्षा मंत्री , त्रिपुरा सरकार और अन्य गणमान्य व्यक्तयों की उपस्थिति में प्रसिद्ध भारतीय जिमनास्ट, सुश्री दीपा कर्मकार , द्वारा त्रिपुरा के अगरतला में 'रन फॉर इंडिया टी ' का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में अगरतला के छात्रों, चाय श्रमिकों, चाय प्रबंधन , वरिष्ठ नागरिकों आदि का प्रतिनिधित्व करने वाली भारी भीड़ देखी गई।

ऊटी बॉटनिकल गार्डन के पास टी बोर्ड भारत की स्पेशलिटी टी बुटीक का उद्घाटन किया गया

स्पेशलिटी नीलगिरी चाय को बढ़ावा देने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिए, टी बोर्ड भारत की स्पेशलिटी टी बुटीक का उद्घाटन 20 फरवरी , 2020 को पर्यटक हॉटस्पॉट , ऊटी बॉटनिकल गार्डन के पास किया गया। यह चाय बुटीक छोटे चाय उत्पादकों की स्पेशलिटी चाय प्रदर्शित करने एवं विक्री करने के लिए एक एकमात्र शोरूम है। एक टी आउटलेट का उद्घाटन श्री म.बालाजी, आईएएस, कार्यपालक निदेशक, टी बोर्ड (दक्षिण) द्वारा किया गया था। उद्घाटन के दौरान, श्रीमती जे. ईन्नोसेंट दिव्या, आईएएस, जिला कलेक्टर, नीलगिरी एवं इनके साथ ही श्रीमती के. सरायु , आईएएस, परियोजना निदेशक , पहाड़ी क्षेत्र विकास कार्यक्रम , भी उपस्थित थे।

भारत का पहला "टी कैफे ऑन व्हील्स"

भारत के पहले "टी कैफे ऑन व्हील्स" का उद्घाटन 26 फरवरी , 2020 को पश्चिम बंगाल के आसनसोल में माननीय केंद्रीय मंत्री , पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री , श्री बाबुल सुप्रियो द्वारा किया गया था। टी बोर्ड भारत ने विभिन्न प्रकार के स्पेशलिटि चायों को प्रदर्शित और संवर्धन किया। भारतीय चाय और चाय के नमूनों पर प्रचार विवरण-पुस्तिका एवं चाय संबन्धित साहित्य भी लोगों के बीच वितरित किए गए। टी बोर्ड के स्टाल पर भारी भीड़ जमा हुई और चाय के विभिन्न क़िस्मों के बारे में पूछताछ की गयी । इस कार्यक्रम से लोगों में भारत में पैदा होने वाली चाय की व्यापक विविधता को लेकर काफी उत्सुकता पैदा हुई।

<u>मंडी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में भागीदारी</u>

टी बोर्ड भारत ने 22 फरवरी , 2020 को हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर द्वारा औपचारिक रूप से उद्घाटित मंडी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में भाग लिया। इस कार्यक्रम में कांगड़ा चाय, हिमाचल प्रदेश की स्वदेशी चायें और कई अन्य प्रकार की भारतीय चायों का प्रदर्शन किया गया।

<u>मार्च 2020</u>

<u>असम चाय संवर्धन अभियान</u>

असम चाय संवर्धन अभियान 29 फरवरी से 6 मार्च , 2020 तक ओडिशा के तीन शहरों - भुवनेश्वर, कटक और पुरी में आयोजित किया गया था। इन तीन शहरों के विभिन्न स्थानों पर जमीनी स्तर पर प्रचार गतिविधियां शुरू की गईं, जहां चाय किओस्क , स्टॉल, कैनोपी , सैंपलिंग बूथ, टी बोर्ड बोर्ड भारत द्वारा स्थापित किए गए थे एवं इसमें चाय का नमूना प्रदर्शन भी किया गया था । स्पेशलिटि चाय लोगो (संगठनात्मक, भारतीय चाय और एकल क्षेत्र चाय लोगो) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार गतिविधियां, सार्वजनिक वितरण के लिए मुफ्त चाय के नमूने बांटे गए , बैनर, स्टैंड्स सहित प्रचार सामग्री आदि कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित किए गए।

<u>टी बोर्ड की थाईलैंड कॉफी , टी एंड ड्रिंक्स में भागीदारी</u>

कॉफी, टी एंड ड्रिंक्स का 14वां संस्करण, जो थाईलैंड में उभरते हुए कॉफी, चाय, बेकरी और आइसक्रीम व्यवसायों पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों में आसियान में सबसे बड़ा केन्द्रित कार्यक्रम है , को 27 फरवरी से 1 मार्च, 2020 तक बैंकॉक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व प्रदर्शनी केंद्र, बैंकाक, थाईलैंड , में आयोजित किया गया था, । इंडिया टी पैवेलियन का उद्घाटन भारत के राजदूत महमान्या, सुश्री सुचित्रा दुरई ने किया था। टी बोर्ड ने इस

ौर सिक्किम का कायेक्रम मे भाग लिया था एव भारतीयं मूल के चायो विशेषकर दार्जिलिग, असम, नीलगिरि अ

लिंग, असम और संवर्धन किया ।चाय का नमूना प्रदर्शन भी किया गया था , जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। दार्जि

सिक्किम चाय में गहरी रुचि देखी गई थी ।

कोलकाता में 25 अप्रैल, 2019 को आयोजित ''युवा चाय उद्यमी सम्मेलन'' का उद्घाटन

कोलकाता में 25 अप्रैल, 2019 को आयोजित ''युवा चाय उद्यमी सम्मेलन'' पैनल की महिला सदस्यगण केक काटते हुए।

कोलकाता में 25 अप्रैल, 2019 को आयोजित ''युवा चाय उद्यमी सम्मेलन'' में श्री अरुण कुमार राय, उपाध्यक्ष, टी बोर्ड, स्वागत वक्तव्य रखते हुए।

कोलकाता में 25 अप्रैल, 2019 को आयोजित ''युवा चाय उद्यमी सम्मेलन'' में श्री अमूलीक सिंह बीजराल, संस्थापक व सीईओ, चाय पॉइंट, अपना वक्तव्य रखते हुए।

कोलकाता में 25 अप्रैल, 2019 को आयोजित ''युवा चाय उद्यमी सम्मेलन'' में श्री कौशल दूगर, संस्थापक व सीईओ, चाय प्वाइंट, अपना वक्तव्य रखते हुए।

कोलकाता में 25 अप्रैल, 2019 को आयोजित ''युवा चाय उद्यमी सम्मेलन'' में श्रीमति नजराना अहमद, असम चाय बागान मालिक संघ की अध्यक्षा, अपना वक्तव्य रखती हुई।

15 और 16 जून 2019 को सिटी सेंटर, सिलीगुड़ी में टी बोर्ड भारत द्वारा बी(क्रेता) 2 सी (उपभोक्ता) संवर्धनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

1 से 3 अगस्त, 2019 तक आयोजित खाद्य और प्रौद्योगिकी एक्स्पो, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में श्री सोम प्रकाश, माननीय वाणिज्य और उद्दयोग राज्य मंत्री, भारत सरकार ने टी बोर्ड भारत के स्टॉल का दौरा किया।

1 से 3 अगस्त, 2019 तक आयोजित कृषि + खाद्य व पेय प्रसंस्करण, गोवा, में टी बोर्ड भारत के स्टॉल पर श्री रामेश्वर तेली, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार।

बॉम्बे एक्जिबिशन सेंटर, गोरेगांव, मुम्बई में 29 से 31 अगस्त, 2019 के दौरान आयोजित 'अन्नपूर्णा-अनुफूड इंडिया 2019' प्रदर्शनी में टी बोर्ड भारत का स्टॉल।

14 सितंबर 2019 को मुंबई में प्रतिष्ठित टी सेंटर का उद्घाटन, जिसका नामकरण ''क्वीन्स डेक'' के रूप में किया गया।

14 सितंबर 2019 को मुंबई में क्वीन्स डेक के रूप में प्रतिष्ठित मुंबई टी सेंटर के उद्खाटन के दौरान केक काटने की रस्म।

8 सितंबर 2019 को कोलकाता में टी बोर्ड मुख्यालय में टी रूम का उद्घाटन।

8 सितंबर 2019 को कोलकाता में टी बोर्ड मुख्यालय में टी रूम के उद्घाटन के दौरान केक काटने की रस्म।

अक्टूबर 2019 के पहले सप्ताह में चेन्नई में आयोजित अखिल भारतीय रूसी प्रवासी सम्मेलन के दौरान भारतीय चाय का संवर्धन।

21 अक्टूबर 2019 को गुवाहाटी में श्री के. के. द्विवेदी, आयुक्त, उद्योग और वाणिज्य विभाग, असम सरकार, ने असम चाय जागरूकता अभियान गाड़ी को हरी झंडी दिखाई।

11 से 25 अक्टूबर, 2019 के दौरान देहरादून में आयोजित विरासत महोत्सव में टी बोर्ड की भागीदारी।

ग्रेटर नोएडा में 7 से 9 नवंबर, 2019 तक आयोजित बायोफाक इंडिया 2019 प्रदर्शनी में टी बोर्ड भारत की भागीदारी

Darjeeling
Assam

GOLDEN TIPS
SIKKIM
Assam

Darjeeling

6 दिसंबर 2019 को नीलगिरि जिले, तामिलनाडु के स्कूली बच्चों के लिए टी बोर्ड इंडिया द्वारा चाय संवर्धन अभियान संचालित किया

25 दिसंबर 2019 को कोलकाता में आयोजित भारतीय चाय प्रशंसा उत्सव का श्री अरुण कुमार राय, उपाध्यक्ष, टी बोर्ड द्वारा उद्घाटन।

25 दिसंबर 2019 को कोलकाता में आयोजित भारतीय चाय प्रशंसा उत्सव में दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया

14 जनवरी, 2020 को आयोजित जालिंगा टी रन, जलिंग टी एस्टेट, सिलचर, असम, में टी बोर्ड भारत का स्टॉल

29 जनवरी, 2020 को 44 वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले में टी बोर्ड भारत एवं ए. तोष एंड सन्स द्वारा चाय का नमूना प्रदर्शन एवं चाय संवर्धन।

08 से 09 जनवरी, 2020 के दौरान आयोजित इंडस फूड, ग्रेटर नोएडा में टी बोर्ड भारत की भागीदारी

31 जनवरी 2020 गुवाहाटी, असम साहित्य सभा में टी बोर्ड द्वारा इंडिया टी का भव्य प्रचार

31 जनवरी, 2020 को असम साहित्य सभा, गुवाहाटी में टी बोर्ड भारत द्वारा भारतीय चाय का भव्य प्रचार।

08 से 09 जनवरी, 2020 के दौरान आयोजित इंडस फूड, ग्रेटर नोएडा में टी बोर्ड भारत की भागीदारी

श्री अरुण कुमार राय, उपाध्यक्ष, टी बोर्ड, ने सेलिब्रिटी, आरजे मीर और फूडका की पूरी टीम के साथ 27 जनवरी, 2020 को पूरे बंगाल में चाय और पर्यटन पर 5 एपिसोड शामिल करते हुए फुडका के 5वें सीजन की भव्य शुभारंभ की घोषणा की।

19 फरवरी, 2020 को आयोजित त्रिपुरा चाय मैराथन, अगरतला के शुभारंभ के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम।

सुश्री दीपा कर्मकार, प्रसिध्य जिमनास्ट द्वारा अगरतला में 19 फरवरी, 2020 को त्रिपुरा चाय मैराथन का शुभारंभ।

ओडिशा के केंद्रपाड़ा निर्वाचन क्षेत्र के माननीय सांसद, श्री अनुभव मोहंती, श्री भवानी शंकर चयानी, कटक के जिला मजिस्ट्रेट सह कलेक्टर और श्री अरुण कुमार राय, उपाध्यक्ष, टी बोर्ड, कटक, ओडिशा में 29 फरवरी, 2020 को असम चाय संवर्थन अभियान का शुभारंभ करते हुए।

नीलगिरी चाय को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए 20 फरवरी, 2020 को ऊटी बोटानिकल गार्डन, जो एक पर्यटक आकर्षण का केंद्र है, के पास टी बोर्ड भारत की स्पेशलिटि चाय बुटीक का उद्घाटन।



10-14 फरवरी, 2020 के दौरान प्रोडेक्सपो, मॉस्को में इंडिया टी पवेलियन।

